दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 189 जयपुर, मंगलवार, 18 जून, 2024 | ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष- एकादशी, विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

**रेल हादसा:** न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन के समीप हुई दुर्घटना... एक के ऊपर एक चढ़ गई बोगियां, उड़ गए परखच्चे

# कंचनजंगा एक्सप्रेस को मालगाड़ी ने मारी टक्कर, 8 की मौत

**एजेंसी** | कोलकाता/नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी जिले में सोमवार को न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन के समीप एक मालगाड़ी ने कंचनजंगा एक्सप्रेस को पीछे से टक्कर मार दी। इससे आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि 20 से अधिक लोग घायल हो गए।

रेलवे बोर्ड अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी जया वर्मा सिन्हा ने ट्रेन हादसे में आठ लोगों के मरने की पुष्टि की है। प्रथम दृष्टया मानवीय भूल इसकी वजह मानी जा रही है। वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना सुबह करीब साढ़े आठ बजे उस समय हुई जब अगरतला से सियालदह जा रही कंचनजंगा एक्सप्रेस न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन पर रूकने के बाद गंतव्य के लिए रवाना हुई थी। इसी दौरान रंगापानी स्टेशन के पास उसी लाइन पर एक मालगाड़ी ने पीछे से एक्सप्रेस ट्रेन को टक्कर मार दी। टक्कर से ट्रेन के तीन डिब्बे पटरी से उतर गए और मालगाड़ी के इंजन के ऊपर फंस गए। स्थानीय नागरिकों ने डिब्बों में फंसे यात्रियों को निकालने में मदद की। सभी घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

रेल हादसे की सूचना के बाद केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव दार्जिलिंग पहुंचे। वे घटनास्थल पर बाइक से आए और रेस्क्यू ऑपरेशन का जायजा लिया। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि कंप्लीट इन्क्वायरी के बाद ही हादसे की वजह का पता चलेगा।




### प्रधानमंत्री और रेल मंत्री ने किया आर्थिक मदद का ऐलान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में हुए कंचनजंगा एक्सप्रेस हादसे पर दुख जताया और प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दुर्घटना में मारे गए लोगों के परिजनों को 10-10 लाख रुपए, गंभीर रूप से घायल लोगों को ढाई-ढाई लाख रुपए और मामूली रूप से घायल लोगों को 50-50 हजार रुपए की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है।



### सीएम भजनलाल शर्मा ने रेल हादसे पर जताया शोक

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पश्चिम बंगाल में ट्रेन दुर्घटना पर शोक जताया है। अपने एक्स अकांउट सीएम ने संवेदना जताते हुए घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। सीएम ने लिखा कि पश्चिम बंगाल के न्यू जलपाई गुड़ी में कंचनजंगा एक्सप्रेस व मालगाड़ी में भीषण टक्कर दुर्घटना में हुई जनहानि अत्यंत दुःखद एवं हृदय विदारक है। प्रभु से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान व घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं।

## जरूरी खबर

### भूपेंद्र यादव और वैष्णव महाराष्ट्र के चुनाव प्रभारी



**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार को प्रभारी और सह प्रभारी की घोषणा की। बीजेपी में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव को प्रभारी और अश्विनी वैष्णव को सह प्रभारी नियुक्त किया गया है। भूपेंद्र यादव को संगठन को चलाने में कुशल माना जाता है। भूपेंद्र यादव उत्तरप्रदेश-बिहार में अच्छा प्रदर्शन कर चुके हैं। अब महाराष्ट्र में उनको नई जिम्मेदारी दी गई है। साथ ही धर्मेंद्र प्रधान और बिप्लब कुमार देव को हरियाणा का चुनाव प्रभारी बनाया है। इसके अलावा पंजाब और पश्चिम बंगाल में विधानसभा उप-चुनाव के लिए 5 सीटों पर उम्मीदवारों के नामों का ऐलान कर दिया है।

■ पेज 7 भी देखें

### राहुल ने वायनाड सीट छोड़ी, अब प्रियंका गांधी लड़ेंगी चुनाव



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव परिणाम आने के बाद से लगाई जा रही अटकलों के बीच सोमवार को राहुल गांधी ने बड़ा ऐलान कर दिया है। दो सीटों से सांसद चुने गए राहुल गांधी ने केरल की वायनाड सीट छोड़ने का फैसला लिया है। उन्होंने रायबरेली सीट अपने पास रखी है। उनके इस फैसले के बाद वायनाड सीट पर उपचुनाव होगा। इसके लिए भी कांग्रेस ने प्लान तैयार कर लिया है। अब प्रियंका गांधी वायनाड से चुनाव मैदान में होंगी। सोमवार को कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी के आवास पर हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल, प्रियंका, महासचिव के सी वेणुगोपाल मौजूद थे।

■ पेज 8 भी देखें

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का दिल्ली दौरा...



# CM की PM मोदी से बात केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात

**बेधड़क** | नई दिल्ली/जयपुर

लोकसभा चुनाव के बाद सोमवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। पीएम आवास पर हुई इस मुलाकात के दौरान दोनों में राजनीति विषयों पर चर्चा हुई।

बताया जा रहा है कि सीएम ने पीएम मोदी को प्रदेश में लोकसभा चुनाव को लेकर रहे परिणामों की रिपोर्ट सौंपी। इसके बाद सीएम भजनलाल ने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, भूपेंद्र यादव, निर्मला सीतारमण, जेपी नड्डा और हरदीप सिंह पुरी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने आगामी बजट सहित विभिन्न विकास परियोजना पर विस्तार से चर्चा की।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने केंद्रीय ऊर्जा, आवास और शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर से भी मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने केंद्रीय मंत्री से राजस्थान से जुड़े विकास व विद्युत क्षेत्रों में ऊर्जा के नए स्रोतों की बढ़ोतरी, आधुनिकीकरण और नवीन टेक्नोलॉजी के उपयोग सहित विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की।

इसके बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने केंद्रीय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव से नई दिल्ली में मुलाकात की। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से राजस्थान के कल्याण और विकास कार्यों व पर्यावरण तथा जलवायु से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर सकारात्मक चर्चा की। भजनलाल शर्मा ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से उनके राजकीय निवास पर मुलाकात की। उन्होंने केंद्रीय वित्त मंत्री के साथ राजस्थान के आगामी बजट 2024-25 को लेकर सार्थक चर्चा की। इसके बाद नई दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और रसायन एवं उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा से उनके आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान केंद्रीय मंत्री के साथ प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं एवं व्यवस्थाओं के सुदृढ़ीकरण करने के लिए विस्तारपूर्वक चर्चा की। सीएम भजनलाल शर्मा ने केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप पुरी से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पुरी से बाड़मेर रिफाइनरी एवं उसके पास औद्योगिक क्षेत्र के विकास के लिए विस्तार से चर्चा की।

### केंद्रीय मंत्रियों से बजट और योजनाओं को लेकर हुई चर्चा





■ पेज 2 भी देखें

निष्ठा: सीएस ने छुट्टी के दिन ली जरूरी मीटिंग

# एक जुलाई से लागू होंगे तीन नए क्रिमिनल लॉ

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान सहित पूरे देश में 1 जुलाई 2024 से 3 नए कानून लागू हो जाएंगे। ये तीन कानून भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 एवं भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 हैं। मुख्य सचिव सुधांश पंत की अध्यक्षता में सोमवार को अवकाश के दिन शासन सचिवालय में नए आपराधिक कानून के संबंध में अफसरों की मीटिंग आयोजित की गई। इसमें नए आपराधिक कानूनों को लेकर चर्चा की गई।

इस मौके पर सीएस पंत ने बताया कि 3 नए कानून 150 साल पुरानी दंड आधारित न्याय प्रणाली को न्याय आधारित बनाएगा। पुराने कानूनों के स्थान पर लाए जा रहे नए कानून हमारे संविधान की तीन मूल भावनाओं-व्यक्ति की स्वतंत्रता, मानवाधिकार और सभी के साथ समान व्यवहार के सिद्धांत के आधार पर बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि नए कानूनों में महिलाओं एवं बच्चों के खिलाफ अपराध, मानव शरीर को प्रभावित करने जैसे मामलों को प्राथमिकता दी गई है। नए कानूनों में पुलिस एवं नागरिकों के अधिकारों के बीच अच्छा संतुलन कायम किया गया है। आईटी के उपयोग से कई प्रणालियों को सरलीकृत किया गया है।



### नए कानूनों का किया जाए प्रचार-प्रसार

मीटिंग में मुख्य सचिव सुधांश पंत ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि 3 नए कानून के बारे में आमजन को जागरूक करें। खासकर महिला एवं बच्चों को नए कानून के बारे में बताया जाए। स्कूल एवं कॉलेजों के माध्यम से बच्चों एवं महिलाओं से जुड़े अपराध की जानकारी दी जाए। मुख्य सचिव सुधांश पंत ने गृह विभाग को निर्देश दिए कि वकीलों से समन्वय कर प्रत्येक ग्राम पंचायत, पंचायत समिति, नगर निकाय, नगर पालिका को नए कानूनों से अवगत कराया जाए। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग को निर्देश दिए कि मीडिया के माध्यम से नए कानूनों का प्रचार-प्रसार किया जाए एवं विभाग की वेबसाइट पर पॉपअप लगाए। पंत ने कहा स्कूल शिक्षा विभाग एवं उच्च शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि कॉलेज और स्कूलों में छात्रों एवं शिक्षको को जागरूक कर महिला एवं बाल अपराधों से अवगत कराए। महिला अधिकारिता विभाग को निर्देश दिए कि वह प्रत्येक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं साथिन को नए कानूनों को लेकर अवगत कराए। इससे वहां आने वाली महिलाएं अपने अधिकारों के बारे में जान सके।

## इनामी जोनल कमांडर समेत 5 नक्सली ढेर

**एजेंसी** | चाईबासा

झारखंड के पश्चिम सिंहभूम जिले में सोमवार को तड़के सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में दो महिला समेत पांच माओवादी मारे गए हैं, जबकि दो को गिरफ्तार किया गया है। यह मुठभेड़ गुवा थाना अंतर्गत लिपुंगा के जंगलों में हुई है। मारे गए पांच माओवादियों में छत्तीसगढ़ का एक जोनल कमांडर सिंगराई उर्फ मनोज, सब-जोनल कमांडर कांडे होनहागा, एरिया कमांडर सूर्या उर्फ मुंडा देवगम, संगठन की सक्रिय कार्यकर्ता जुंगा पुरती उर्फ मारला और सपनी हासंदा शामिल है। जोनल कमांडर सिंगराई उर्फ मनोज के ऊपर 10 लाख, सब-जोनल कमांडर कांडे होनहागा पर पांच लाख, एरिया कमांडर सूर्या उर्फ मुंडा देवगम पर दो लाख का इनाम सरकार ने रखा था। बताया जा रहा है कि जिले के गुवा थाना अंतर्गत लिपुंगा के पास जंगल में माओवादियों के खिलाफ सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा था। इसी दौरान कोबरा 209 बटालियन की टुकड़ी पर माओवादियों ने गोलियां चला दी। जवाबी कार्रवाई करते हुए कोबरा कमांडोज ने मौके पर दो महिला समेत पांच माओवादियों को मार गिराया और दो माओवादियों को सर्चिंग के दौरान जिंदा पकड़ा।

पुलिस का नवाचार

# अब पुलिस सख्त... अपराधियों की होगी 'नजर' से मॉनिटरिंग

**बेधड़क** | जयपुर

पुलिस की अपराधियों पर नजर को तेज करने के लिए 3700 लोगों ने पुलिस कमिश्नरेट द्वारा बनाए गए 'नजर' सिटीजन एप को डाउनलोड कर लिया। यहां तक के 515 लोगों ने एप डाउनलोड करने के बाद किराएदारों और नौकरों का वैरिफिकेशन कराने के लिए आवेदन करके उनकी डिटेल अपलोड भी कर दी है। हालांकि पुलिस का इस एप को शुरू करने का सबसे बड़ा मकसद यह है कि कई बदमाश नाम-पते व वेशभूषा बदलकर फरारी काटते हैं। ऐसे में पुलिस इस एप के मार्फत आसानी से बदमाशों तक पहुंच सकेगी। पुलिस के पास अब एप के जरिये मिली जानकारी के आधार पर नौकर व किराएदारों का डोर टू डोर सर्वे किया जाएगा। ताकि आमजन को घर बैठे सत्यापन जैसी सुविधा मिल सके।




### पुलिस डाटा तैयार करके करेगी निगरानी

जयपुर शहर के मकान और दुकान मालिकों के लिए नजर सिटीजन एप लॉन्च किया गया है। इसे यूजर्स प्ले स्टोर से डाउनलोड कर सकेंगे। डाउनलोड करने के बाद इसमें अपने परिवार के साथ, किराएदारों, पीजी में रहने वाले लोगों, अपने ड्राइवर और नौकरों की भी डिटेल डाल सकेंगे। उन्हें अब वेरिफिकेशन कराने के लिए थाने नहीं जाना पड़ेगा। इसके बाद पुलिस के पास एक बड़ा डेटा आ जाएगा। इससे कोई बड़ा क्राइम होने पर पुलिस जल्द ही आरोपी तक पहुंच सकेगी। इस एप के माध्यम से पुलिस के पास डोमेस्टिक हेल्पर से लेकर किराएदारों की पूरी जानकारी रहेगी। मॉनिटरिंग कांस्टेबल से लेकर कमिश्नरेट के अधिकारियों तक की जाएगी।

### मिलेंगी ये सुविधाएं

- आमजन अपने नौकर, किराएदार, कर्मचारी की डिटेल्स अपलोड कर सकते हैं। इसमें नाम, मोबाइल नंबर, वैध आइडी व फोटो अपलोड करनी होगी। उसके बाद संबंधित बीट अधिकारी सुविधानुसार आपसे संपर्क कर लेगा।
- एक से ज्यादा दिनों के लिए बाहर जाने पर अपने सूने घर की जानकारी अपलोड कर सकते हैं, ताकि गश्ती दल समय-समय पर चैक कर सके।
- पूर्व में रहे नौकर व किराएदार की भी जानकारी अपलोड कर सकते हैं।
- **इस एप की पांच स्तर पर मॉनिटरिंग की जाएगी** : बीट स्तर, थानाधिकारी, सर्कल, जिला स्तर व कमिश्नरेट स्तर पर

### पुलिस व आमजन को फायदा मिलेगा



एप के कारण आमजन को तो फायदा मिलेगा, ही साथ में पुलिस को इससे बड़ा फायदा मिलेगा। क्योंकि बदमाश नाम-पते बदलकर फरारी काटते हैं तो घरों में रहने वाले नौकरों व किराएदारों को एक पूरा डाटा पुलिस के पास रहेगा। ऐसे में बदमाशों की पहचान की जा सकेगी।

**- प्रीति चंद्रा,** एडिशनल पुलिस कमिश्नर, जयपुर

## जरूरी खबर

### जूली ने बिजली आपूर्ति गड़बड़ी पर बोला हमला



**जयपुर।** प्रदेश में बिजली आपूर्ति को लेकर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने सरकार को आड़े हाथों लिया है। जूली ने बिजली तंत्र की गड़बड़ी पर सरकार पर हमला बोला है। जूली ने कहा बिजली आपूर्ति को लेकर जो हालात भाजपा सरकार ने बनाए हैं, उससे व्यापारी, किसान एवं आमजन भी इस भीषण गर्मी में परेशान नजर आता है। प्रदेश सरकार के जिम्मेदार मंत्री एवं विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी विद्युत आपूर्ति को लेकर आम जन को न कोई संतोषजनक जवाब दे रहे!

### स्मैक सप्लाई करने की फिराक में था आरोपी, गिरफ्तार

**चाकसू।** डीएसटी व चाकसू थाना पुलिस की टीम ने सोमवार की शाम कस्बे में अवैध मादक पदार्थ सप्लाई करने घूम रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से लगभग 50 ग्राम स्मैक बरामद की है। पुलिस आरोपी से मादक पदार्थ की खरीद फरोख्त के संबंध में पूछताछ कर रही है। जानकारी के मुताबिक डीएसटी को सूचना मिली थी कि चाकसू कस्बे के पास एक व्यक्ति मादक पदार्थ बेचने की फिराक में घूम रहा है। इसकी सूचना पर स्थानीय थानाप्रभारी कैलाश दान ने मय टीम व डीएसटी तुरंत आरोपी तक पहुंची। पुलिस ने पकड़ कर पूछताछ की तो उसने अपना नाम राकेश सैनी पुत्र चौथराम सैनी निवासी चाकसू कस्बे का रहने वाला बताया।

### मंत्री ने पर्यावरण संरक्षण कार्यों का किया अवलोकन



**जयपुर।** जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी सोमवार को राजसमंद के पिपलांत्री गांव के दौरे पर रहे। उन्होंने यहां पिपलांत्री में नर्सरी का अवलोकन किया। पिपलांत्री के सूत्रधार पद्मश्री पालीवाल ने बताया कि यह गांव अपनी अनूठी पहल 'कन्या जन्मोत्सव' के लिए प्रसिद्ध है। इस पहल के तहत गांव में हर लड़की के जन्म पर अनेकों पेड़ लगाए जाते है। मंत्री खराड़ी ने डीएमएफटी योजनान्तर्गत भील बस्ती काना का तालाब ग्राम मोरवड़ में ट्यूबवेल मोटर पाईप लाईन पानी की टंकी निर्माण कार्य एवं भीलवाती माण्डा का क्यारा ग्राम मोरवड़ में ट्यूबवेल मोटर पाईप लाईन पानी की टंकी निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।

## मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने की दिल्ली में केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात





*जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को नई दिल्ली में कई केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात की। सीएम ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और केंद्रीय पेट्रोलियम एवं नेचुरल गैस मंत्री हरदीप सिंह पूरी के अलावा हरियाणा के पूर्व सीएम और बिजली व शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने केंद्रीय मंत्रियों से प्रदेश के बजट और विकास योजनाओं सहित प्रदेश के अन्य मुद्दों पर चर्चा की।*

### गंगनहर में पानी कम छोड़ने से किसानों को थी परेशानी

# श्रीगंगानगर के किसानों को जल्द मिलेगी राहत: सीएम

■ पंजाब सीएम भगवंत मान ने जल्द पूरा पानी उपलब्ध करवाने का दिया आश्वासन

**बेधड़क** | श्रीगंगानगर

सीमावर्ती जिले श्रीगंगानगर के किसानों को सिंचाई पानी की समस्या से जल्द बड़ी राहत मिले वाली है। दरअसल गंगनहर में जून माह के निर्धारित 2500 क्यूसेक शेयर के विरुद्ध कम पानी मिलने की समस्या को लेकर सादुलशहर विधायक गुरवीर सिंह बराड़ ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को अवगत करवाया। इस पर मुख्यमंत्री ने किसानों की पीड़ा को समझते हुए पंजाब मुख्यमंत्री भगवंत मान से बात की और गंगनहर में पूरा पानी देने का आग्रह किया। भगवंत मान ने भी जल्द पूरा पानी उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया है।

सादुलशहर विधायक गुरवीर बराड़ ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को अवगत करवाया है कि गंगनहर प्रणाली के लिए जून माह में 2500 क्यूसेक शेयर निर्धारित है। इसके बावजूद वर्तमान में आरडी संख्या 45 पर लगभग 1635 क्यूसेक पानी दर्शाया जा रहा है। लोसेज और पानी चोरी के कारण राजस्थान के प्रवेश द्वार खखां हैड पर लगभग 1150 क्यूसेक ही पानी आपूर्ति हो रही है। निर्धारित मात्रा से आधे से भी कम पानी प्राप्त होने के कारण गंगनहर प्रणाली की नहरें और फसलें प्रभावित हो रही हैं, जिससे गंगनहर प्रणाली के काश्तकारों में रोष है।



#### इसलिए आ रहा है गंगनहर में निर्धारित मात्रा से कम पानी

उन्होंने बताया कि पंजाब में धान की बुवाई प्रारम्भ होने और पानी की मांग अधिक होने के कारण फिरोजपुर फीडर से निकलने वाली पंजाब की नहरें सरहिन्द फीडर, ईस्टर्न कैनाल एवं अन्य छोटी माइनरों में निर्धारित क्षमता से अधिक पानी लिया जा रहा है। फिरोजपुर फीडर जगह-जगह से क्षतिग्रस्त होने के कारण निर्धारित क्षमता के अनुसार पानी नहीं ले रहा है। इसके कारण गंगनहर प्रणाली में निर्धारित मात्रा से कम पानी प्राप्त हो रहा है।

### शिवसेना (शिंदे) से नहीं लड़ूंगा चुनाव

# ओवैसी मेरे दोस्त, मिलते रहते हैं : गुढ़ा



**बेधड़क** | जयपुर

पूर्व मंत्री और शिवसेना (शिंदे) के प्रदेश संयोजक राजेंद्र गुढ़ा ने एक बार फिर नई पार्टी से जुड़ने के संकेत दिए हैं। गुढ़ा का कहना है कि ओवैसी मेरे मित्र हैं और मैं उनका सम्मान करता हूं। मैं उनसे मिलता रहता हूं। झुंझुनूं विधानसभा सीट पर उपचुनाव को लेकर उन्होंने कहा कि वे शिवसेना (शिंदे) के टिकट पर चुनाव नहीं लड़ेंगे। पूर्व मंत्री राजेंद्र गुढ़ा सोमवार सुबह 9 बजे झुंझुनू शहर में ईदगाह पहुंचे और लोगों को ईद-उल-अजहा की मुबारकबाद दी। बता दें कि झुंझुनूं विधायक बृजेंद्र ओला संसद बन गए हैं। ऐसे में यह सीट खाली हो गई है। इस पर उपचुनाव होगा। राजेंद्र सिंह गुढ़ा ने 2023 के विधानसभा चुनाव में शिवसेना (शिंदे) के टिकट पर उदयपुरवाटी से चुनाव लड़ा, लेकिन वे हार गए। गुढ़ा अब वे झुंझुनूं विधानसभा क्षेत्र के 23 फीसदी मुस्लिम वोटर को पाले में लाने का जुगाड़ करते दिख रहे हैं। राजेंद्र गुढ़ा ने 2023 के विधानसभा चुनाव से पहले शिवसेना (शिंदे) का दामन थाना और पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ा। लेकिन हार गए। राजेंद्र गुढ़ा ने 2023 के विधानसभा चुनाव से पहले शिवसेना (शिंदे) का दामन थाना और पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ा। लेकिन हार गए। उन्होंने 2 जुलाई 2023 को जयपुर में एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी की सभा में जाकर मुलाकात की थी। झुंझुनूं में आज ईदगाह पहुचंकर उन्होंने ऐलान किया कि वे शिवसेना शिंदे से चुनाव नहीं लड़ेंगे। इशारों में गुढ़ा ने झुंझुनूं विधानसभा उपचुनाव ओवैसी की पार्टी से लड़ने के संकेत दे दिए हैं।

### निर्जला एकादशी पर मिल्क रोज पिलाया

# युवा अब धार्मिक कार्यों में भी पूरा सहयोग दे रहे हैं: बैरवा


**बेधड़क** | चाकसू

श्री श्याम निशान संघ परिवार चाकसू के सदस्यगणों द्वारा सोमवार को आपसी सहयोग से एसबीआई बैंक एटीएम के सामने फागी मोड पर मिल्क रोज एवं शिकंजी शरबत का तृतीय सेवा भंडारा लगाया गया। मण्डल के सदस्यगण अमित बाहेती एडवोकेट ने बताया कि निर्जला एकादशी के मौके पर श्याम प्रभु की झांकी सजाकर तपोभूमि तामड़िया आश्रम के धन्नापीठाधीश्वर श्रीश्री 1008 श्रीबजरंग देवाचार्य महाराज के सानिध्य में क्षेत्रीय विधायक रामावतार बैरवा ने कार्यक्रम का शुभारंभ कर राहगीरों को शरबत मिल्क रोज ठंड़ाई वितरित कर एकादशी की बधाई दी। उन्होंने कहा कि सभी को ऐसे पुण्य कार्यों में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए। बड़ी खुशी होती है युवाओं को देखकर कि अब युवा सामाजिक कार्यों के साथ-साथ धार्मिक कार्यों में भी अपना पूरा सहयोग दे रहें हैं।

कार्यक्रम में विधायक रामावतार बैरवा के साथ वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व मंडी चेयरमैन कैलाश शर्मा, नगर मंडल अध्यक्ष रामधन सैनी, कोटखावदा प्रधान प्रहलाद मीणा, पार्षद त्रिवेणी श्याम शर्मा, विनोद राजोरिया, मांगीलाल राणावत, पार्षद दिनेश शर्मा, सरपंच कानाराम बागड़ा, सवाई माधोसिंहपुरा रामजीलाल यादव, गिरिराज डूंगरी, लालाराम जादम समेत अन्य समाजसेवी उपस्थित रहें।

वहीं मंडल के सदस्यगणों में विवेक अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, विवेक बढ़ेरा, केशव गौतम, सुरेश सैनी, घनश्याम माणक बोहरा, सोनू बजाज, अवधेश बजाज, अनिल अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, महेश ढूंसरी, महावीर स्वामी, अशोक प्रजापत, योगेश कुमावत, मोहित अग्रवाल सहित अन्य सदस्यों ने सेवा कार्य किया।

## राज्यपाल मिश्र ने की केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात



*जयपुर। राज्यपाल कलराज मिश्र ने सोमवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। राज्यपाल मिश्र की इस दौरान शाह से राज्य के विकास और आंतरिक सुरक्षा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। मिश्र की गृह मंत्री से यह शिष्टाचार भेंट थी।*

### इंदौर में सिंधी संस्थाओं ने देवनानी का किया अभिनंदन

# सिंध ने सबसे पहले आक्रांताओं से मुकाबला किया: स्पीकर देवनानी

■ सिंधु सम्राट दाहिर सैन का 1312 वें बलिदान दिवस कार्यक्रम

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि महाराजा दाहिर सेन की वीरता, राष्ट्रभक्ति और स्वाभिमान को राष्ट्र सदैव स्मरण करता रहेगा। जब भी भारत पर आक्रांताओं ने आक्रमण किया, तब सबसे पहले सिंध ने आक्रांताओं का डटकर मुकाबला किया और शहादत दीं। महाराज दाहिर सेन ने आक्रमणकारियों को बार-बार खदेड़ा। मातृभूमि की रक्षा के लिए उन्होंने बलिदान दिया। उनके पूरे परिवार, उनकी पत्नी और दोनों पुत्री ने भी राष्ट्र के लिए बलिदान दिया। हर बार विदेशी आक्रांताओं के हमलों को महाराजा दाहिर सैन ने नाकाम किया। देवनानी ने इंदौर के देवी अहिल्याबाई होलकर विश्वविद्यालय सभागार में आयोजित सिंधु सम्राट महाराज दाहिर सेन की 1312 वे बलिदान दिवस पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। समारोह को राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद और इन्नोवेटिव समिति फॉर पीपल्स अवेयरनेस केयर एंड एजुकेशन सोसाइटी ने आयोजित किया।




#### वाजपेयी और आडवाणी के प्रयासों से अनुसूची में मिला स्थान

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि शिक्षा मंत्री के कार्यकाल के दौरान महाराणा प्रताप, हेमू कालानी और दाहिर सेन को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया। आज युवा पीढ़ी इन वीर महापुरुषो के त्याग, बलिदान और राष्ट्र प्रेम की गाथाओं को पढ़कर राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित हो रहे हैं। देवनानी ने अपने उद्बोधन में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई और उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को याद करते हुए कहा कि इन दोनों व्यक्तियों को सिंधी समाज कभी नहीं भूल सकता। इन दोनों के प्रयासों से ही सिंधी भाषा को भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में स्थान मिला। सिंधु दर्शन यात्रा आडवाणी के प्रयासों से ही आरंभ हो सकी। सन 1997 में पहली बार सिंधु दर्शन यात्रा आरंभ हुई । पूर्व उपप्रधानमंत्री लाल कृष्ण आडवाणी के नेतृत्व में 67 लोगों ने यात्रा में भाग लिया।

#### राष्ट्र की रक्षा के लिए हमारे पूर्वजों ने शहादत दी

देवनानी ने कहा की हमें गर्व होना चाहिए कि हम सिंधी हैं। हमने भारत राष्ट्र की रक्षा के लिए समय-समय पर बलिदान दिया। सबसे पहले आक्रांताओं से मुकाबला किया। राष्ट्र की रक्षा के लिए हमारे पूर्वजों ने शहादत दी। आज भी हम मेहनत करके राष्ट्र के विकास में सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें महाराज दाहिर सेन की वीरता, ओजस्विता का स्मरण कर ऊर्जा और साहस से लवरेज रहना चाहिए। राष्ट्र की प्रगति में निरंतर भागीदारी निभाने के लिए प्रयासरत रहना होगा। देवनानी का इंदौर में राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद नई दिल्ली, इन्नोवेटिव समिति फार पीपल्स अवेयरनेस एंड केयर समिति इंदौर, भारतीय सिंधु सभा इंदौर, सिंधी साहित्य पंचायत इंदौर और सिंधी सुजाग संगत इंदौर सहित लगभग एक दर्जन संस्थाओं ने अभिनंदन किया। श्री देवनानी का माला पहनाकर, शाल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह प्रदान कर अभिनंदन किया गया। इस मौके पर सांसद शंकर लालवानी, राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद के उपाध्यक्ष मोहन मंगवानी, निदेशक रवि टेकचंदानी सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

## जरूरी खबर

### टीटीई के पास ज्यादा पैसे मिले सस्पेंड किया



**जयपुर।** बांद्रा टर्मिनस से चलकर दिल्ली सराय रोहिल्ला जाने वाली गरीब रथ (ट्रेन नंबर 12216) के दो टीटीई सुधीर कुमार के पास 10 हजार तथा धर्मेंद्र के पास 700 रुपए ज्यादा मिले। दोनों ही इस ज्यादा राशि का कोई हिसाब-किताब नहीं दे सके। टीटीआई सुधीर को रेलवे की ओर से तत्काल सस्पेंड कर दिया गया तथा टीटीई धर्मेंद्र को जांच पूरी होने तक हेड क्वार्टर रिपोर्ट करने का ऑर्डर दिया गया। इतना ही नहीं, जयपुर जंक्शन पर यात्रियों की शिकायतों का संज्ञान लेते हुए डीसीएम विपिन शर्मा ने प्लेटफॉर्म नंबर-2 पर बने दो स्टॉल को बंद करा दिया। दोनों ही स्टॉल के वेंडर को यात्रियों से पानी बोतल, बिस्किट, चिप्स, नमकीन आदि प्रिंट रेट से अधिक वसूलते हुए पकड़ा गया। डीसीएम ने दोनों स्टॉल तत्काल बंद करा दिए और फाइन लगाया।

### राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल की परीक्षाएं 24 से



**जयपुर।** राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल जयपुर के सत्र 2023-24 में स्ट्रीम 1 के पंजीकृत एवं पूरक परीक्षा के छात्रों की कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षा 24 जून से प्रारंभ होने जा रही है। राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल के निदेशक आशीष मोदी ने बताया कि परीक्षार्थी राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल की वेबसाइट http://rsos.rajasthan.gov.in एवं http://rsosadmission.rajasthan.gov.in अथवा स्टेट ओपन स्कूल मोबाइल एप्लीकेशन से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं जो कि 17 जून को जारी किए जा चुके हैं।

## ईद मुबारक... चीफ काजी बोले... कुर्बानी का पैगाम लाती है ईद





*जयपुर। ईद उल-अजहा पर जामा मस्जिद में सुबह 6:15 बजे ईद की नमाज अदा की गई। इसके बाद दिल्ली रोड स्थित ईदगाह पर चीफ काजी खालिद उस्मानी ने नमाज अदा करवाई। इस दौरान चीफ काजी खालिद उस्मानी ने हिंदू-मुस्लिम को ईद की बधाई और मुबारकबाद दी। उन्होंने कहा- ईद हमारे लिए कुर्बानी का पैगाम लाती है। असल कुर्बानी इंसान को बुराइयों की, ख्वाहिश की, लालच की, मतलब की, दुश्मनी की है। जिन्हें दूर करके आदमी फिर अपने जानवर पर छुरी फेरे। उन्होंने कहा- इससे पहले अपने दिल की बुराइयों को खत्म करें। हम सभी भाइयों से कहेंगे कि इस ईद से अपने जीवन को बदलें।* **फोटो: पंकज शर्मा**

### पृथ्वीराज नगर एरिया में जेडीए करेगा बड़ी कार्रवाई!

# आज 100 से ज्यादा मकानों दुकानों पर चलेगा बुलडोजर

■ न्यू सांगानेर रोड मानसरोवर से वंदेभारत रोड तक प्रस्तावित 100 फुट रोड को किया जाएगा चौड़ा, नोटिस देने के बाद भी नहीं हटाए लोगों ने अतिक्रमण

**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) की एनफोर्समेंट टीम मंगलवार को पृथ्वीराज नगर एरिया में बड़ी कार्रवाई कर सकती है। इस दौरान रोड पर बने 100 से ज्यादा स्ट्रक्चर (मकान, दुकान, बाउण्ड्रीवाल व अन्य निर्माण) तोड़े जा सकते हैं। बताया जा रहा है कि न्यू सांगानेर रोड मानसरोवर से वंदेभारत रोड तक प्रस्तावित 100 फुट रोड को चौड़ा करने के लिए यह कार्रवाई की जाएगी।

दरअसल, जयपुर विकास प्राधिकरण ने कोर्ट के आदेश के बाद इन प्रभावितों को धारा 72 का नोटिस जारी करके खुद के स्तर पर 17 जून तक अवैध निर्माण हटाने का समय दिया गया था। जेडीए के पृथ्वीराज नगर जोन दक्षिण से जारी नोटिस के में कहा गया था कि 17 जून के तक अगर कोई प्रभावित निर्माण नहीं हटाया जाता है तो उसके बाद जेडीए प्रशासन अपने स्तर पर कार्रवाई करके निर्माण हटाएगा।




### 252 मकानों और दुकानों को हटाने के दिए गए थे नोटिस

जेडीए ने इस संबंध में अतिक्रमियों को अतिक्रमण हटाने की अंतिम चेतावनी दी थी। जेडीए का 48 घंटे का अल्टीमेटम समाप्त होने के बाद मंगलवार को अवैध निर्माणों पर बुलडोजर चला दिया जाएगा। इसके तहत 252 मकानों और दुकानों को हटाने के नोटिस दिए गए थे। यहां बरसों से 100 फीट सेक्टर रोड को चौड़ी करने की मांग उठ रही थी। सेक्टर रोड निर्माण के बाद सैकड़ों कॉलोनीवासियों की राह आसान होगी। हालांकि, नोटिस मिलने के बाद कई लोगों ने अपने स्तर पर ही निर्माण तोड़ लिए, लेकिन अभी भी 100 से ज्यादा मकान और दुकान वहां खड़े हैं।

### डिमार्केशन का काम पूरा

जेडीए अधिकारियों ने बताया- न्यू सांगानेर रोड मानसरोवर से वंदेभारत रोड (चौपड़ा फार्म हाउस होते हुए) जा रही इस सड़क का मास्टर प्लान में 100 फुट चौड़ाई प्रस्तावित है। न्यू सांगानेर रोड से शुरुआती 300 मीटर पर बड़ी संख्या में निर्माण है, जिसके कारण यहां कई जगह सड़क 50 फुट तक ही रह गई है। दरअसल ये आम रास्ता इलाके की सैकड़ों कॉलोनियों को जोड़ता है, लेकिन अतिक्रमण होने के चलते बरसों से सेक्टर रोड़ का निर्माण नहीं हो पा रहा था। इसको लेकर हाईकोर्ट ने जेडीए से जवाब मांगते हुए कार्रवाई करने के निर्देश दिये थे। जेडीए के अधिकारियों ने मौके पर डिमार्केशन का काम पूरा कर दिया है।

### अधिकांश भवनों की बाउंड्री आ रही कार्रवाई की चपेट में

जेडीए अधिकारियों ने बताया कि 1 किलोमीटर से ज्यादा लम्बाई की इस सड़क पर 100 फीट रोड सीमा में 100 से ज्यादा ऐसे स्ट्रक्चर चिह्नित हैं, जो तोड़े जाने हैं। इसमें ज्यादातर निर्माण भवनों की बाउंड्री के हैं। इसके अलावा कुछ निर्माण कोठरीनुमा हैं, जबकि कुछ पर कच्चे निर्माण हैं। इसके अलावा कुछ दुकानें भी आ रही हैं, जो पुरानी हैं।

### 7 अगस्त तक चलेगी रेल सेवा

# जयपुर-चूरू ट्रैक पर ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन शुरू



**बेधड़क** | जयपुर

उत्तर पश्चिम रेलवे ने गर्मियों की छुट्टियों को देखते हुए जयपुर-चूरू ट्रैक पर सोमवार से ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन शुरू की है। इस ट्रेन के शुरू होने से अब जयपुर-सीकर-चूरू तक महंगी यात्रा करने वाले डेली पैसेंजर को भी राहत मिलेगी। उत्तर पश्चिमी रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बताया कि ये सेवा 17 जून से 7 अगस्त तक प्रत्येक सप्ताह में रविवार को छोड़कर नियमित संचालित की जाएगी। रेलवे के कार्यक्रम के अनुसार गाड़ी संख्या 09702, ढेहर का बालाजी (जयपुर) चूरू स्पेशल रेलसेवा ढेहर का बालाजी से शाम 6:40 बजे रवाना होकर रात 11:30 बजे चूरू पहुंचेगी। इसी तरह से गाड़ी संख्या 09701, चूरू-ढेहर का बालाजी (जयपुर) स्पेशल ट्रेन 17 जून से 7 अगस्त तक प्रत्येक सप्ताह रविवार को छोड़कर चूरू से सुबह 4 बजे रवाना होकर सुबह 9 बजे ढेहर का बालाजी पहुंचेगी। ट्रेन शाम को जयपुर से सीकर 8:55 पहुंचेगी और 9 बजे चूरू के लिए रवाना होगी। वहीं, सुबह 6:10 सीकर पहुंचेगी और 6:15 रवाना होगी। इन गाड़ियों की 17 जून से 7 अगस्त तक 45 ट्रिप संचालित की जाएगी। गाड़ियों में 10 साधारण श्रेणी व 2 गार्ड डिब्बों सहित कुल 12 डिब्बे संचालित किए जाएंगे।

**सच बेधड़क**
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

### आरोपी बोला-सनक चढ़ गई थी, इसलिए मारा

# बात की... दुकानदार कुछ लेने को झुका तो सूए से कर दिया हमला!

**बेधड़क** | जयपुर

एक युवक ने दुकानदार पर इसलिए नुकीले हथियार से हमला कर दिया कि उसे सनक चढ़ गई थी। आरोपी युवक ने अपना चेहरा मास्क से छुपा रखा था। वह पिछले 10 मिनट से दुकान की रैकी कर रहा था। दुकान में लगे सीसीटीवी में पूरी घटना कैद हो गई। आरोपी युवक रुपराज मीणा (26) निवासी करौली को लोगों ने पकड़ लिया था, जिसे पुलिस ने शांतिभंग में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। मामले में सोडाला थाना पुलिस ने मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है।

इस संबंध में पीड़ित व्यापारी विशाल छेडवाल ने लिखित रिपोर्ट में बताया कि वह हवा सड़क पर पूजा इंटरप्राइजेज नाम से दुकान चलाता है, जो 6 स्वाधीन मार्ग पर है। 15 जून को दोपहर में करीब 4 बजे एक अनजान व्यक्ति दुकान में आया। आरोपी ने दुकान पर आकर इधर-उधर की बात की। फिर फोन पर बात करने लगा। जैसे ही मैं कुछ लेने के लिए नीचे झुका। मुझ पर आरोपी ने सूए जैसी चीज से हमला कर दिया। प्राथमिक उपचार के बाद पीड़ित सोडाला थाने पहुंचा।

अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ सीसीटीवी फुटेज के साथ रिपोर्ट दर्ज करवाई। सोडाला थाना पुलिस ने जांच हेड कॉन्स्टेबल राजाराम को दी है।

### सेंट्रल पार्क: अंडरग्राउंड पार्किंग के निर्माण के चलते उठाया कदम

# आज से बंद होगा जॉगिंग ट्रैक का एक हिस्सा

**बेधड़क** | जयपुर

सेंट्रल पार्क में बने वॉकिंग ट्रैक के 200 मीटर के हिस्से को मंगलवार से अगले कुछ महीनों के लिए बंद रखा जाएगा। पार्क में गोल्फ क्लब परिसर के पास बन रही अंडरग्राउंड पार्किंग के निर्माण के कारण यह कदम उठाया जा रहा है।

जेडीसी मंजू राजपाल ने बताया कि भगवान दास रोड पर रामबाग गोल्फ क्लब से राजस्थान हाईकोर्ट के गेट नंबर-2 की ओर पैदल यात्री सब-वे का निर्माण करवाया जा रहा है। इस कारण से भवानी सिंह रोड पर स्थित गोल्फ क्लब के एंट्री गेट से राजस्थान हाईकोर्ट के सामने गोल्फ क्लब में स्थित शिव जी के मंदिर से आगे तक के सेंट्रल पार्क के ट्रैक (लगभग 200 मीटर लम्बाई) को इस प्रोजेक्ट का काम पूरा होने तक बंद रखा जाएगा।




जेडीसी ने बताया कि इस दौरान यहां सुबह-शाम मॉर्निंग वॉक करने के लिए आने वाले लोगों को वॉकिंग का सिस्टम थोड़ा बदलने के लिए आग्रह किया है। इस प्रोजेक्ट के तहत गोल्फ क्लब पार्किंग परिसर को तोड़कर यहां 2 मंजिला अंडरग्राउंड मल्टी स्टोरी पार्किंग का निर्माण किया जा रहा है। इस प्रोजेक्ट के पूरा होने के बाद यहां 500 गाड़ियां पार्क हो सकेंगी। इस पार्किंग से हाईकोर्ट परिसर को जोड़ने के लिए हाईकोर्ट के गेट नं. 2 से पार्किंग तक आने-जाने के लिए अंडरग्राउंड सब-वे का भी निर्माण किया जाएगा।

### मौसम विभाग का अलर्ट

# 9 जिलों में आज आंधी और हीटवेव, 6 में बरसात होने की संभावना

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश के मौसम को लेकर रोजाना नये अपडेट आ रहे हैं। प्री मानसून की बारिश 31 मई को होने के बाद फिलहाल बारिश का दौर थम गया है। प्रदेश में एक बार फिर गर्मी ने अपने तेवर दिखाने शुरु कर दिए हैं। प्रदेश के मौसम को लेकर मंगलवार को 9 जिलों में तेज आंधी व हीटवेव का अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा 6 जिलों में हल्की व मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना जताई है। इधर, सोमवार को प्रदेश के कई जिलों में दिन के तापमान में बढ़ोतरी देखी गई। तेज गर्मी के कारण एक बार फिर से लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है।



### आज से मानसून एक बार फिर गति पकड़ेगा

मौसम विज्ञानियों के अनुसार राजस्थान समेत मध्य और उत्तर भारत के राज्यों में मानसून बंगाल की खाड़ी से आता है। 31 मई मानसून ने एंट्री की थी। 16 दिन बीत गए। पर मानसून ठहर सा गया है। मानसून ने 31 मई को सिक्किम में प्रवेश किया था। जिसके बाद से आगे नहीं बढ़ा। इधर अरब सागर आने वाले मानसून की गति भी अब थम गई है। 10 जून को गुजरात की सीमा पर आने के बाद मानसून ठिठक गया है। मौसम विशेषज्ञों का अनुमान है कि 18 जून से मानसून एक बार फिर गति पकड़ेगा। यह उम्मीद की जा रही है कि राजस्थान में समय पर या उससे पहले मानसून की एंट्री होगी।

### अगले तीन दिन ऐसा रहेगा मौसम

***18 जून:*** राजस्थान के बांसवाड़ा, बारां, डूंगरपुर, झालावाड़, कोटा और प्रतापगढ़ में मंगलवार को आंधी के साथ हल्की बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू, धौलपुर और भरतपुर में लू चलने की संभावना है।

***19 जून:*** मौसम विभाग की मानें तो बुधवार को बांसवाड़ा, बारां, चित्तौड़गढ़, डूंगरपुर, झालावाड़, प्रतापगढ़, उदयपुर, बीकानेर, हनुमानगढ़ और श्रीगंगानगर में तेज अंधड़ के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है।

***20 जून:*** मौसम विभाग की मानें तो गुरुवार को बांसवाड़ा, डूंगरपुर, झालावाड़, झुंझुनूं, प्रतापगढ़, चूरू, हनुमानगढ़ और श्रीगंगानगर में आकाशीय बिजली गिरने और हल्की बारिश होने की संभावना है। साथ ही 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी।

## जरूरी खबर

### विधायक बैरवा ने किया प्याऊ का किया उद्घाटन



**चाकसू।** क्षेत्रीय विधायक रामवतार बैरवा ने सोमवार को कृषि उपज मंडी के द्वार पर स्व. मनीषा खींची पुत्री मुकेश खींची की प्रथम पुण्यतिथि पर निर्मित प्याऊ का उद्घाटन किया। वहीं, प्याऊ के उद्घाटन समारोह को सम्बोधित करते हुए विधायक रामावतार बैरवा ने कहा कि किसी प्यासे को पानी पिलाना, वो भी भीषण गर्मी में यह बहुत ही बड़ा पुण्य का कार्य है। वहीं विधायक बैरवा ने प्याऊ के निर्माता मुकेश खींची को धन्यवाद दिया।

### शिक्षा मंत्री दिलावर आज सीकर एवं फतेहपुर दौरे पर

**सीकर।** शिक्षा एवं पंचायतीराज विभाग मंत्री मदन दिलावर मंगलवार को सीकर आएंगे। अतिरिक्त जिला कलेक्टर सीकर रणजीत सिंह ने बताया कि शिक्षा मंत्री मदन दिलावर 18 जून को सुबह 8 बजे जयपुर से प्रस्थान कर 10 बजे सीकर पहुंचेंगे तथा सीकर में आक्सीजन पार्क का अवलोकन करेंगे। उन्होंने बताया कि शिक्षा मंत्री दिलावर सीकर से सुबह 10.15 बजे प्रस्थान कर सुबह:10.30 बजे फतेहपुर श्री बुध गिरी मढ़ी पहुंचेंगे तथा पर्यावरण एवं गौरक्षा संरक्षणार्थ समारोह में भाग लेंगे। शिक्षा मंत्री दिलावर दोपहर 1.15 बजे राउमावि नयाबास फतेहपुर में पी.ए.बी योजनान्तर्गत नये भवन का शिलान्यास करेंगे।

### पूर्व विधायक ने की लाठीचार्ज की निंदा



**चाकसू।** चाकसू के पूर्व विधायक वेदप्रकाश सोलंकी ने कोटा में नीट परीक्षा के पेपर में हुई धांधली को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे एनएसयूआई के प्रदेशाध्यक्ष छात्र नेता विनोद जाखड़ के ऊपर पुलिस द्वारा लाठीचार्ज की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि पुलिस की इस तरह की कार्यवाही बहुत बड़ी निंदनीय है। सोलंकी ने कहा कि हम सब कांग्रेसियों की मांग है कि नीट परीक्षा में हुई गड़बड़ी की सीबीआई से जांच करवाने के साथ पेपर को रद्द कर फिर से दुबारा परीक्षा ली जाए। जिससे लाखों बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं हो। यदि केंद्र सरकार ने इस परीक्षा को निरस्त नहीं करने की कोई कार्यवाही नहीं की तो कांग्रेस देश व प्रदेश मेंस्तर पर सड़क पर उतरेगी।

---

**बाड़मेर में तीन बच्चों की मां अनिता राठी कर रही है पावर लिफ्टिंग**

# 40 की उम्र में पावर लिफ्टिंग से विदेश में नाम कमा रही अनिता

**बेधड़क | बाड़मेर**

जिले की रहने वाली एक महिला ने शरीर को स्वस्थ रखने के लिए जिम में पसीना बहाना शुरू किया। महिला का यह कदम आज उसे पावर लिफ्टिंग की अच्छी खिलाड़ी की पहचान दे रहा है।

बाड़मेर निवासी अनिता राठी पावर लिफ्टिंग में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन कर रहीं हैं। हाल ही में अमेरिका में इंटरनेशनल पॉवर लिफ्टिंग फेडरेशन का टूर्नामेंट खेलकर अनीता कुछ दिन पहले बाड़मेर पहुंची हैं। अनिता का सपना है कि इंटरनेशनल वेट लिफ्टिंग टूर्नामेंट में गोल्ड जीतकर अपने देश का नाम रोशन कर सकें। दरसअल, यूएसए के ऑस्टिन, टेक्सास में 22 मई से 1 जून तक आयोजित हुई पावर लिफ्टिंग बेंच प्रेस प्रतियोगिता में भाग लेकर हाल ही में 12 जून को अनिता राठी बाड़मेर पहुंची हैं। यहां पहुंचने पर समाज के लोगों और परिजनों ने अनीता का स्वागत किया।





### इंटरनेशनल वेट लिफ्टिंग टूर्नामेंट में गोल्ड जीतना है सपना

पावर लिफ्टिंग की अंतर्राष्ट्रीय प्लेयर अनीता राठी ने बताया कि अमेरिका में हुई इस पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में अलग-अलग कैटेगरी में खिलाड़ी शामिल हुए। 57 किलो कैटेगरी में 65 देश के खिलाड़ी पहुंचे थे। इंडिया के अलग-अलग राज्यों से 11 खिलाड़ी और 4 कोच थे। अनीता ने बताया कि वह बेहद कम अंतर से पिछड़ गईं, जिसके चलते उन्हें चौथी रैंक हासिल हुई है। उनका सपना है कि वह इंटरनेशनल वेट लिफ्टिंग टूर्नामेंट में गोल्ड जीतकर अपने देश का राष्ट्रगान सुन सकें। इस सपने को पूरा करने के लिए वह अपनी कैटेगरी में वर्ल्ड चैम्पियन बनने की तैयारी में जुट गईं हैं।

### जिम कोच ने किया मोटिवेट

अनीता राठी ने बताया कि बाड़मेर निवासी अर्जुन राठी के साथ वर्ष 1998 में उनकी शादी हुई थी। उनकी दो बेटियां ओर एक बेटा है। पति अर्जुन राठी मोबाइल व इलेक्ट्रिक सामान की मार्केटिंग का काम करते हैं। अनीता घर की जिम्मेदारियों के साथ अपने पति के बिजनस के अकाउंट का काम भी करती हैं। शादी के करीबन 22 साल बाद खुद को फिट और बीमारियों से बचने के लिए जिम जाने का फैसला किया था। जिम में मेरे जज्बे को देखते हुए कोच करण जांगिड़ ने प्रतिभा को पहचाना और लगातार ट्रेनिंग देने के साथ मोटिवेट करते रहे। इसी के बदौलत आज ये मुकाम हासिल किया है।

### पति का साथ मिला

अनीता राठी ने बताया कि वर्ष 2022 में पावर लिफ्टिंग की शुरुआत में 69 किलो था। मई 2022 में भरतपुर में स्टेट लेवल प्रतियोगिता में 69 किलो कैटेगरी में हिस्सा लिया। पहली बार में ही उन्होंने सिल्वर मेडल जीत लिया। फिर कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। इस सफर में पति ने बहुत साथ दिया।

---

**गोगुंदा-पिंडवाड़ा हाईवे पर हुआ दर्दनाक हादसा**

# ट्रेलर की टक्कर से राहगीरों पर पलटा डंपर, 5 की मौत

**बेधड़क | उदयपुर**

गोगुंदा थाना क्षेत्र के मालवा चौराहे पर गोगुंदा-पिंडवाड़ा हाईवे पर दर्दनाक हादसा हो गया। हादसे में एक ही परिवार के 3 लोगों समेत 5 लोगों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार एक ट्रेलर के ब्रेक फेल हो गए थे। उसने आगे चल रहे डंपर को टक्कर मार दी। इसके बाद डंपर बेकाबू होकर डिवाइडर के दूसरी तरफ चला गया और सड़क किनारे चल रहे भाई-बहन और उनकी भतीजी को चपेट में ले लिया।

हादसे में ट्रेलर के ड्राइवर की भी मौत हो गई। सूचना पर एसपी योगेश गोयल, कोटड़ा डीएसपी राजेंद्र सिंह, बेकरिया थानाधिकारी धनपत सिंह टीम मौके पर पहुंचे और जानकारी ली। पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से शवों को बेकरिया अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया।

वहीं ट्रेलर में पत्थर भरे थे। हादसे के बाद ट्रेलर खाई में गिर गया और उसमें भरे पत्थर सड़क पर बिखर गए। ट्रेलर में पत्थर भरे थे। हादसे के बाद ट्रेलर खाई में गिर गया और उसमें भरे पत्थर सड़क पर बिखर गए।



### शादी का मुहूर्त निकलवाने जा रहे थे मंदिर

तिलोई के सरपंच होना राम ने बताया कि हादसे में मशरू (48) पुत्र लखा, मशरू की बहन हदमी (50) पत्नी धीरा और मशरू के भाई की बेटी सोवनी (18) पत्नी काना की मौत हो गई। मशरू की पत्नी खेतु (45) बाल-बाल बच गई। सरपंच ने बताया कि ये गांव से पैदल ही मालवा का चौराहा जा रहे थे। वहां पर वे हदमी के रिश्तेदार की शादी के लिए पंडित जी से मुहूर्त निकलवाने मंदिर जा रहे थे। पुलिस ने बताया कि ट्रेलर ड्राइवर बलविंदर कुमार पुत्र तिलक राज निवासी रामबाग मोहल्ला, होशियारपुर (पंजाब) की भी मौत हो गई है। हादसे में गंभीर घायल डंपर के ड्राइवर को उदयपुर रेफर किया गया है।

### इस तरह हुआ हादसा

पुलिस के अनुसार उदयपुर-पिंडवाड़ा हाईवे पर ढलान में उदयपुर की तरफ आ रहे ट्रेलर के ब्रेक फेल हो गए। मालवा चौराहा की पुलिया के पास ट्रेलर कंट्रोल नहीं हुआ और आगे चल रहे डंपर को टक्कर मार कर खाई में गिर गया। पीछे से टक्कर लगने के कारण दौरान डंपर के ड्राइवर ने भी कंट्रोल खो दिया। डंपर डिवाइडर पर चढ़कर रोड के दूसरी तरफ चला गया और सड़क किनारे चल रहे राहगीरों पर पलट गया। इससे पहले डंपर उदयपुर से पिंडवाड़ा की ओर जा रहे एक टैंकर से भी टकराया था। पुलिस ने बताया कि डंपर खाली था, जबकि ट्रेलर में पत्थर भरे थे।

### हाईवे पर आधे घंटे तक लगा रहा जाम

हादसे के बाद हाईवे पर दोनों तरफ लंबा जाम लग गया। लोग काफी समय तक जाम से परेशान होते रहे। करीब आधे घंटे तक वहां जाम रहा। बाद में पुलिस ने हाईवे के एक तरफ से सभी गाड़ियों को निकाला और ट्रैफिक चालू करवाया। हादसे में मृतकों के शव वाहन में लेकर अस्पताल रखवाया।

---

**अपना घर आश्रम के प्रयास लाए रंग**

# 22 साल बाद युवक परिवार से मिला!



**बेधड़क | भरतपुर**

शहर के अपना घर आश्रम में 22 साल बाद बिछड़े बेटे का अपनी मां और भाई से फिर से भावुक मिलन हुआ। बेटे से मिलकर मां की खुशी की ठिकाना नहीं रहा। बेटे को लेकर वापस अपने घर लौट गई। भरतपुर के बझेरा स्थित अपना घर आश्रम के सचिव बसंतलाल गुप्ता ने बताया कि उत्तरप्रदेश के जिला ललितपुर के निवासी प्रभुजी पप्पूराम (50) मानसिक रूप से कमजोर होने के कारण 22 साल पहले बिना बताए घर से निकल गए थे। 1 मार्च 2024 को पप्पूराम को जोधपुर से अपना घर आश्रम भरतपुर में सेवा एवं उपचार के लिए भर्ती कराया गया। सेवा एवं उपचार के बाद पप्पूराम के स्वास्थ्य में सुधार हुआ, तो उन्होंने अपना पता बताया और अपना घर आश्रम की पुनर्वास टीम ने उनके घर के पते की सूचना पुलिस थाना ललितपुर में भिजवाई, जिसके बाद पप्पूराम के परिजनों को उनके जीवित और स्वस्थ होने की सूचना मिली। सोमवार को पप्पूराम की मां प्रेमवती और छोटा भाई शिव कुमार अपना घर आश्रम पहुंचे। जब मां से बेटे को आश्रम में मिलवाया गया, तो मां-बेटे एक दूसरे से मिलकर फूले नहीं समाए। छोटे भाई शिव कुमार ने बताया कि 22 साल पहले पप्पूराम के घर निकलने के बाद पिताजी का देहांत हो गया था और उनकी पत्नि भी घर छोडकर चली गई। छोटे भाई का भी कोरोना काल में निधन हो गया। परिजनों के जीवन में मानो अंधकार सा छा गया। घर वालों ने पप्पूराम की काफी तलाश की।

---

**निर्जला एकादशी पर श्रद्धालुओं में दर्शन की होड़**

# खाटू श्यामजी में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**बेधड़क | सीकर**

जिले के खाटू श्याम जी मंदिर में निर्जला एकादशी पर बाबा श्याम के दरबार में बाबा के भक्त बड़ी संख्या में दर्शन के लिए पहुंचें। इस दौरान रींगस जंक्शन पर यात्रियों का भारी दबाव रहा। रींगस में खाटू श्याम जी मार्ग पर कई बार जाम लग रहा। हजारों भक्त हाथों में निशान लेकर रींगस से खाटू की पदयात्रा पर निकले। खाटू श्याम जी में हजारों भक्तों के दो दिन निर्जला एकादशी मानने से सोमवार और मंगलवार को भक्तों की अतिरिक्त भीड़ रहेगी।



दो दिवसीय मासिक मेले पर श्याम मंदिर में निर्जला एकादशी होने पर बाबा का भव्य श्रृंगार किया गया। इससे पहले शनिवार व रविवार को भी देश भर के कोने-कोने से लाखों भक्तों ने श्याम सरकार के दर्शन किए। श्री श्याम मंदिर कमेटी के अध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान ने बताया कि दो दिवसीय मासिक मेले की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। आने वाले दर्शनार्थियों के लिए पानी, छाया सहित गर्मी को देखते हुए कूलर की व्यवस्था की गई है। निर्जला एकादशी का महत्व दान पुण्य का होता है, इसलिए श्याम नगरी में जगह-जगह भंडारे लगाकर शरबत, छाछ, लस्सी आदि पिलाकर पुण्य कमाएंगे। मासिक मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी ना हो इसको लेकर जिला कलेक्टर कमर उल जमाल चौधरी व एसडीएम गोविंद सिंह भींचर लगातार फीडबैक ले रहे हैं।

---

**ईद-उल-अजहा पर ईदगाह में मुस्लिम भाइयों ने अदा की सामूहिक नमाज**

# खुदा की बारगाह में झुके सैकड़ों सिर

**बेधड़क | चाकसू**

क्षेत्र में ईद उल अजहा के अवसर पर सैकड़ों की तादाद में मुस्लिम भाईयों ने चाकसू के फागी रोड़ स्थित ईदगाह में इबादत कर नमाज अदा की। प्रदेश में अच्छी बारिश, अमन-चैन, आपसी भाईचारा व खुशहाली के लिए दुआएं मांगी। इस अवसर पर शहर चीफ काजी हाफिज याक़ूब ने नेकी पर चलने की सलाह देते हुए मुस्लिम भाईयों को भाईचारे व अमन-चैन से रहने का पैगाम दिया। नमाज के बाद खुतबा पढ़ा गया और वतन में तरक्की व अमनो सलामती की दुआएं मांगी की गई। इसके बाद त्याग बलिदान विश्वास के रूप में अल्लाह की राह में कुर्बानी का फर्ज घरों में अदा किया। ये सिलसिला अगले 3 दिनो तक चलेगा। ईद के मौक़े पर बच्चे भी ईदी लेना नहीं भूले। इस खास त्योहार पर मुस्लिम मोहल्लों में दिनभर दावतो का दौर चला।



ईदगाह में नमाज के बाद पुलिस महकमें के आला अधिकारी एसीपी चाकसू सुरेंद्र सिंह, थाना प्रभारी कैलाश दान ने ईदगाह पहुचकर मुबारकबाद पैश की। इस मौके पर मुस्लिम वक्फ कमेटी की ओर से पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को भी मुबारक बाद दी। मुस्लिम वक्फ कमेटी के सदर व पूर्व नगरपालिका चैयरमेन अब्दुल हमीद खोखर, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष शहजाद भाई नागोरी, आशियाना ग्रुप के चैयरमेन सनवर भाई नागोरी, पूर्व पार्षद हाजी मेहराज खान, मुस्लिम नौजवान कमेटी के अध्यक्ष आमीन खान, मुस्लिम नौजवान कमेटी के सचिव इरफान खत्री, जयपुर साउथ सीएलजी सदस्य इशाक भाई देशवाली, मुस्लिम वक्फ कमेटी के पूर्व अध्यक्ष डाक्टर रफीक पठान, बबलू भाई डेयरी आदि ने ईदुल अजहा की मुबारकबाद दी।

---

**वकीलों ने निजी अस्पताल के बाहर धरना-प्रदर्शन**

# वकील की मौत पर फूटा गुस्सा, 21 लाख मुआवजे और इलाज खर्च पर माने

**बेधड़क | अजमेर**

शहर के हरिभाऊ उपाध्याय नगर स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान वकील की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों और उसके रिश्तेदारों ने हंगामा कर दिया। परिजनों का आरोप था कि अस्पताल की लापरवाही से युवा वकील की मौत हुई है। अस्पताल के बाहर रावत समाज और जिला बार एसोसिएशन के बैनर तले वकीलों ने भी धरना देते हुए मामले में निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। जिला परिषद के पूर्व सदस्य राजेंद्र सिंह रावत ने बताया कि 13 जून को मार्टिण्डल ब्रिज के पास बलिया गांव के सरपंच जयसिंह रावत के पुत्र दिलबाग सिंह रावत का मोटरसाइकिल से एक्सीडेंट हो गया था। हादसा होने के बाद दिलबाग सिंह खुद मोटरसाइकिल चला कर रात को अपने घर गया और सुबह वापस अस्पताल में चिकित्सक से परामर्श लेने के लिए पहुंचा। यहां उसका सीटी स्कैन किया गया। चिकित्सक ने उसे बताया कि उसके ब्रेन में एक छोटा सा क्लॉट है जो इंजेक्शन से बिल्कुल ठीक हो जाएगा। इंजेक्शन देने के बाद भी जब क्लॉट खत्म नहीं हुआ तो उसका ऑपरेशन किया गया। । घटना के बाद अस्पताल प्रशासन और परिजनों में सहमति पर बनी और 21 लाख रुपए और इलाज का खर्च माफ अस्पताल की ओर से करने का आश्वासन दिया गया।



### ऑपरेशन के बाद भी नहीं आया होश

सरपंच जयसिंह रावत ने बताया कि चिकित्सकों ने ऑपरेशन करने के बाद परिजनों को कहा था कि ऑपरेशन सफल रहा है। जल्द ही दिलबाग को होश आ जाएगा, लेकिन दिलबाग को होश नहीं आया। उसकी मौत हो गई। आरोप लगाया है कि दिलबाग की मौत से परिजनों के होश उड़ गए। जब परिजनों ने अस्पताल प्रशासन को दिलबाग की मौत के बारे में कहा और विरोध जताया तो उनसे अभद्रता की गई। रावत ने आरोप लगाया कि मौत दिलबाग की मौत इलाज में लापरवाही से हुई है।

### मौत से वकीलों में फैला आक्रोश

वकील दिलबाग सिंह की मौत के बाद रावत समाज के लोग बड़ी संख्या में अस्पताल के बाहर जमा हो गए। समाज के लोगों ने मामले के निष्पक्ष जांच और अस्पताल प्रशासन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। मृतक दिलबाग पेशे से वकील था, इसलिए उसकी मौत से वकीलों में भी आक्रोश फैल गया। जिला बार एसोसिएशन के बैनर तले वकील भी अस्पताल पहुंच गए। यहां बार अध्यक्ष चंद्रभान सिंह राठौड़ के नेतृत्व में वकीलों ने अस्पताल के बाहर धरना दिया। राठौड़ ने कहा कि अस्पताल में दिलबाग सिंह की इलाज के दौरान मौत होना कई तरह के सवाल खड़े कर रही है। मृतक के शव का पोस्टमार्टम मेडिकल बोर्ड से किया जाना चाहिए। साथ ही दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की भी मांग की।

### प्रशासन ने दिया निष्पक्ष जांच का भरोसा

करीब 2 घंटे तक हंगामे और कई दौर की वार्ता के बाद अस्पताल प्रशासन और परिजनों के बीच समझौता हो गया। अस्पताल प्रशासन 21 लाख रुपए और इलाज का खर्च माफ करने को तैयार हो गया। इस पर रावत समाज और जिला बार एसोसिएशन ने धरना हटा दिया। हंगामे की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे एडीएम सिटी गजेंद्र सिंह राठौड़ ने मामले निष्पक्ष जांच का परिजनों को आश्वासन दिया।

NEET पेपर लीक केस में बिहार पुलिस का नया खुलासा...

# आरोपियों के नाम से जारी 6 चेक बरामद 30 लाख रुपए में पेपर बेचने का दावा

■ बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई (EOU) के हाथ लगे आरोपियों के नाम पर जारी 6 पोस्ट-डेटेड चेक ■ ये जानकारी दी डीआईजी (EOU) मानवजीत सिंह ढिल्लों ने

**बेधड़क** | नई दिल्ली/पटना

बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई (EOU) के हाथ बड़ी सफलता लगी है। ईओयू पुलिस ने नीट पेपर धांधाली के आरोपियों के नाम पर जारी 6 पोस्ट-डेटेड चेक बरामद किए हैं। ये जानकारी दी डीआईजी (EOU) मानवजीत सिंह ढिल्लों ने देते हुए बताया, "जांच के दौरान EOU के अधिकारियों ने 6 पोस्ट-डेटेड चेक बरामद किए, जो आरोपियों के नाम पर जारी किए गए थे। इन्हीं लोगों पर NEET परीक्षा का पेपर लीक कर स्टूडेंट्स को 30-30 लाख रुपए में देने का आरोप है।" उन्होंने बताया कि टीम संबंधित बैंकों से खाताधारकों के बारे में जानकारी जुटा रही है।




### पेपर लीक मामले में अब तक 13 की गिरफ्तारी

NEET UG पेपर लीक मामले में EOU ने अब तक चार कैंडिडेट्स और उनके परिवार के सदस्यों सहित 13 लोगों को गिरफ्तार किया है। सभी 13 आरोपी बिहार के रहने वाले हैं। पुलिस ने 9 कैंडिडेट्स को जांच में शामिल होने के लिए नोटिस जारी किया है। इनमें से 7 बिहार से और एक उत्तर प्रदेश और एक महाराष्ट्र से हैं।

### आज जंतर-मंतर 'आप' का प्रदर्शन

नीट परीक्षा 2024 को लेकर विवाद अब तूल पकड़ता जा रहा है। विपक्ष लगातार सरकार के खिलाफ आक्रामक रुख अपना रहा है। अब आम आदमी पार्टी (आप) नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं को लेकर मंगलवार को जंतर-मंतर पर केंद्र के खिलाफ प्रदर्शन करेगी। पार्टी के राज्यसभा सांसद संदीप पाठक ने सोमवार को यह जानकारी दी। पाठक ने कहा कि आप 19 जून को पूरे देश में केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करेगी। पाठक ने कहा, "नीट परीक्षा में कई अनियमितताएं सामने आई हैं। लाखों बच्चों की मेहनत और सपनों पर मोदी सरकार द्वारा किए गए इस तरह के घोटाले को देश बर्दाश्त नहीं करेगा।" आम आदमी पार्टी इस घोटाले के खिलाफ देशभर में प्रदर्शन करेगी। जानकारी के मुताबिक कल 18 जून को सुबह 10 बजे आम आदमी पार्टी के सभी सांसद, विधायक और पार्षद जंतर-मंतर पर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे। पाठक ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि 19 जून को आम आदमी पार्टी देशभर के सभी राज्यों में मोदी सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेगी।

### शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने पहली बार माना हुई गड़बड़ी



NEET पेपर लीक मामले में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने पहली बार गड़बड़ी की बात मानी है। उन्होंने रविवार 16 जून को स्पष्ट कहा था कि NEET के रिजल्ट में कुछ गड़बड़ियां हुई हैं। जो भी बड़े अधिकारी इसमें शामिल पाए जाएंगे, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने माना कि परीक्षा लेने वाली नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) में सुधार की जरूरत है। प्रधान ने बताया था कि NEET के संबंध में दो तरह की अव्यवस्था का विषय सामने आया है। पहला- शुरुआती जानकारी थी कि कुछ स्टूडेंट्स को कम समय मिलने के कारण ग्रेस नंबर दिए गए। दूसरा- दो जगहों पर कुछ अनियमितताएं सामने आई हैं। उन्होंने कहा था कि मैं छात्रों और अभिभावकों को आश्वस्त करता हूं कि इसे भी सरकार ने गंभीरता के साथ लिया है।

### 5 मई को आयोजित हुई थी परीक्षा

दरअसल, NEET की परीक्षा इसी साल 5 मई को हुई थी। इसमें 23 लाख से ज्यादा स्टूडेंट्स शामिल हुए थे। इस दौरान लोकसभा के चुनाव भी हो रहे थे। 4 जून को लोकसभा के साथ NEET का भी रिजल्ट जारी किया गया था। इसमें 67 स्टूडेंट्स को पूरे 720 मार्क्स दिए गए थे। NEET की परीक्षा के इतिहास में पहली बार इतने छात्र टॉप स्कोरर रहे थे। इस पर कई स्टूडेंट्स ने सवाल उठाए थे।

### सुप्रीम कोर्ट करेगा 8 को सुनवाई



परीक्षा परिणाम में गड़बड़ी को लेकर दिल्ली हाई कोर्ट समेत 8 अलग-अलग हाई कोर्ट में याचिकाएं दायर हुई हैं, जिन्हें सुप्रीम कोर्ट एक साथ जोड़कर 8 जुलाई को सुनवाई करेगा। इनमें NEET पेपर लीक और CBI जांच की मांग वाली याचिकाएं भी शामिल हैं।

## Yuva स्टोरीज

### राजस्थान जूनियर बालिका रग्बी टीम राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए पुणे रवाना



**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान जूनियर बालिका रग्बी टीम आज जयपुर से पुणे महाराष्ट्र के लिए रवाना हो चुकी है। 9वीं राष्ट्रीय स्तरीय रग्बी फुटबॉल प्रतियोगिता की शुरुआत 19 व 20 जून को पुणे के बालेवाडी स्टेडियम में आयोजित होगी, जिसमें राजस्थान की जूनियर बालिका टीम सोमवार को पुणे के लिए प्रस्थान कर चुकी है !

राजस्थान रग्बी संघ के कोषाध्यक्ष जितेश कुमार ने बताया कि राजस्थान जूनियर बालिका रग्बी टीम को पूर्व सांसद गोपाल सिंह ईडवा, राजस्थान रग्बी संघ के चेयरमैन पंडित सुरेश मिश्रा, सचिव कुलदीप सिंह राजावत ने किट वितरण कर रवाना किया। साथ ही, राजस्थान जूनियर बालिका टीम इस प्रकार रहेगी- कप्तान मुस्कान पिपलोदा, उपकप्तान विजयश्री राठौड़, अनु चौधरी, तनु गुर्जर, वंशिका गोयल, प्रियंका रावत, अंजलि मेघवाल, महिमा मीणा, ममता, नेहा कुमावत, कोमल मीना, भावना राव टीम के प्रशिक्षक जितेश कुमार सहयोगी दशरथ सिंह मैनेजर सुनीता कुमावत होंगी। इस अवसर समस्त जिला रग्बी संघ के पदाधिकारियों ने टीम को विजयी होने की अग्रिम शुभकामनाओं के साथ टीम को रवाना किया।

### NTA ने नेट के दिसंबर सत्र के लिए आपदा प्रबंधन विषय जोड़ा

**बेधड़क** | नई दिल्ली

एनटीए ने यूजीसी नेट 2024 दिसंबर परीक्षा में एक विषय के रूप में आपदा प्रबंधन को शामिल किया है। एनटीए जून और दिसंबर में साल में दो बार यूजीसी नेट संचालित करता है। आयोग ने 15 मई 2024 को आयोजित 580 वीं बैठक में दिसंबर 2024 से यूजीसी नेट विषयों की वर्तमान सूची के लिए एक अतिरिक्त विषय के रूप में आपदा प्रबंधन को जोड़ने का निर्णय लिया है। यूजीसी नेट 2024 परीक्षा जूनियर रिसर्च फेलोशिप (जेआरएफ) या सहायक प्रोफेसरशिप के लिए पात्रता के लिए आयोजित की जाती है। उम्मीदवारों का प्रदर्शन यूजीसी नेट पेपर- I और पेपर-II में उम्मीदवार के समग्र प्रदर्शन पर निर्भर करता है। यूजीसी नेट 2024 परीक्षा 18 जून को ओएमआर आधारित परीक्षण मोड में निर्धारित है। परीक्षा की अवधि तीन घंटे है। यूजीसी नेट 2024 परीक्षा 2 शिफ्ट सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे और दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित की जाएगी। यूजीसी नेट 2024 एडमिट कार्ड आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है।

राजधानी के लिए स्वच्छ जयपुर, हरित जयपुर अभियान शुरू...

## सेंट्रल पार्क में सुबह की सैर और सुहावनी करने के होंगे प्रयास

■ समुदाय को पर्यावरण की जिम्मेदारी लेने को प्रेरित करने का लक्ष्य

**बेधड़क** | नई दिल्ली।

जयपुर के सेंट्रल पार्क में सुबह की सैर सुहावनी होती है, लेकिन पार्क में कूड़ा-करकट की समस्या है। इस समस्या के समाधान के लिए कट्स इंटरनेशनल ने "स्वच्छ जयपुर, हरित जयपुर" अभियान शुरू किया। कट्स इंटरनेशनल के महासचिव प्रदीप मेहता और उनके सहयोगी शिवेंद्र शेखावत ने प्लॉगिंग प्रयासों की पहल की है, जो कि सैर के साथ कूड़ा-करकट इकट्ठा किया जाता है। पूर्व शहरी विकास मंत्री शांति धारीवाल ने इस पहल में शामिल होकर अभियान का पोस्टर जारी किया। ये पोस्टर पार्क के चारों ओर प्रदर्शित किए जा रहे हैं ताकि पार्क को स्वच्छ रखने के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाई जा सके। धारीवाल ने अपने कार्यकाल में सेंट्रल पार्क में कूड़ेदान, स्प्रिंकलर इत्यादि लगवाकर पार्क को स्वच्छ और हरित बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।



### स्वच्छ, हरित जयपुर बनाने की आकांक्षा

"हमारा लक्ष्य समुदाय को उनके पर्यावरण की जिम्मेदारी लेने के लिए प्रेरित करना है,"शेखावत ने कहा। "फिटनेस को पर्यावरण संरक्षण के साथ मिलाकर, हम सभी के लिए एक स्वच्छ, हरित जयपुर बनाने की आकांक्षा करते हैं।" कट्स इंटरनेशनल सभी नागरिकों को "स्वच्छ जयपुर, हरित जयपुर" अभियान में शामिल होने और सेंट्रल पार्क की सुंदरता बनाए रखने में मदद करने के लिए आमंत्रित करता है। 1983 में स्थापित कट्स इंटरनेशनल एक वैश्विक सार्वजनिक नीति शोध संस्था है, जो उपभोक्ता संप्रभुता, आर्थिक समानता और सतत विकास पर केंद्रित है। संगठन अनुसंधान, पैरवी और जमीनी पहल के माध्यम से न्यायपूर्ण और समावेशी विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

### JPSC संयुक्त सिविल सेवा मेन्स एडमिट कार्ड जारी




**नई दिल्ली/रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) ने संयुक्त सिविल सेवा (मुख्य) परीक्षा-2023 के लिए प्रवेश पत्र जारी कर दिया है। जेपीएससी संयुक्त सिविल सेवा मेन्स परीक्षा के लिए पंजीकृत पात्र उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट jpsc.gov.in पर जाकर अपने हॉल टिकट डाउनलोड कर सकते हैं। जेपीएससी संयुक्त सिविल सेवा (मुख्य) परीक्षा 22 से 24 जून, 2024 तक आयोजित होने वाली है। इस भर्ती अभियान का लक्ष्य कुल 342 रिक्तियों को भरना है। यदि उम्मीदवारों को एडमिट कार्ड डाउनलोड करते समय कोई कठिनाई आती है, तो वे आयोग के हेल्पलाइन नंबरों: +919431301419, +919431301636, या +918956622450 पर जाकर सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

**प्रशिक्षण शिविर** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में एक मासीय आवासीय संस्कृत शास्त्र प्रशिक्षण वर्ग

## संस्कृत शास्त्रों को जनमानस तक पहुंचाने के हों प्रयास

■ कुल सचिव ने कहा- प्रशिक्षणार्थिओं से शास्त्रचर्चा कर शास्त्रों का अधिक से अधिक प्रचार करें युवा विद्वान

**बेधड़क** | जयपुर

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के द्वारा चल रहे एक मासीय आवासीय संस्कृत शास्त्र प्रशिक्षण वर्ग में केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलसचिव रावुरी गायत्री मुरली कृष्ण ने सोमवार को ऑनलाइन माध्यम से जयपुर परिसर राजीव गांधी परिसर श्रृङ्गेरी तथा देवप्रयाग परिसर में चल रहे शास्त्र प्रशिक्षण वर्ग को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण वर्ग भारत सरकार की केन्द्रीय योजनाओं द्वारा संस्कृत शास्त्रों के संरक्षण के लिए आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो श्रीनिवास वरखेड़ी के मार्गदर्शन में सभी इस दिशा में निरंतर प्रयासरत हैं कि किस प्रकार शास्त्रों में निहित ज्ञान विज्ञान को समाजोपयोगी बना कर अग्रिम पीढ़ी को सौंपा जाए।




### शास्त्र के पठन पाठन में कथा माध्यम का उपयोग अधिकाधिक किया जाए

प्रो. मुरली कृष्ण ने प्रशिक्षणार्थिओं को कहा कि शास्त्रों का नियमित स्वाध्याय करने के साथ ही व्यापक स्तर पर आपको इसका प्रचार प्रसार भी करना है, जिससे जनसामान्य भी लाभान्वित हो सके। इसके लिए शास्त्र के पठन पाठन में कथा माध्यम का उपयोग किया जाना चाहिए। कथा माध्यम से शिक्षक की अध्यापन गति का विकास होता है।

### विद्यार्थियों से की शास्त्र चर्चा

इस अवसर पर कुलसचिव रावुरि गायत्री मुरलीकृष्ण ने छात्रों से व्याकरण शास्त्र, न्याय शास्त्र और अद्वैत वेदांत शास्त्र में विद्यार्थिओं द्वारा सीखे गए विषयों पर शास्त्रचर्चा की और विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। राष्ट्रीय संयोजक प्रो. कुलदीप शर्मा ने संचालन किया। इस अवसर जयपुर परिसर संयोजक प्रो विष्णुकांत पाण्डेय, डॉ गणेश्वर नाथ झा, डॉ अमृता कौर, कार्तिक भागवत, डॉ सुभाष चंद्र मीणा, नरेश सिंह, पंकज पुरोहित सहित अनेक विद्वान् उपस्थित रहे।

# साहसी बलिदानी वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई



अशोक 'प्रवृद्ध'
स्वतंत्र टिप्पणीकार

देश की स्वाधीनता के लिए लड़ने व मर मिटने वाली देश की वीर तथा साहसी वीरांगनाओं में महारानी लक्ष्मीबाई (19 नवम्बर 1828-18 जून 1858) का नाम बड़े ही आदर व सम्मान के साथ लिया जाता है। मराठा शासित झांसी राज्य की रानी और 1857 की राज्यक्रान्ति की बलिदानी वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई सिर्फ 29 वर्ष की उम्र में अंग्रेजी साम्राज्य की सेना से युद्ध करने और रणभूमि में सिर पर तलवार के वार से वीरगति को प्राप्त करने के लिए जगतप्रसिद्ध हैं। भारत देश और अपने राज्य झांसी की स्वतंत्रता के लिए ब्रिटिश राज्य के विरुद्ध लड़ने का साहस करने और अंत में वीरगति को प्राप्त होने वाली महारानी लक्ष्मीबाई का जन्म एक मराठी ब्राह्मण परिवार में 19 नवम्बर 1828 को काशी में हुआ था। उनके पिता मोरोपंत ताम्बे चिकनाजी अप्पा के आश्रित लेकिन बिठुर में न्यायालय में पेशवा थे। लक्ष्मीबाई उनके इस कार्य से अत्यंत प्रभावित थी। महारानी के पितामह बलवंत राव के बाजीराव पेशवा की सेना में सेनानायक होने के कारण मोरोपंत पर भी पेशवा की बड़ी कृपा थी।

को अन्य लड़कियों की अपेक्षा अधिक स्वतंत्रता भी प्राप्त थी। उन्हें समुचित शिक्षा- दीक्षा के साथ ही आत्मरक्षा, अश्वारोहण, निशानेबाजी और घेराबंदी का प्रशिक्षण भी दिया गया। उनका नाम बचपन में मणिकर्णिका रखा गया था। लेकिन परिवार के सदस्य प्यार से उन्हें मनु कहकर पुकारते थे। उनकी माता भागीरथी बाई एक सुसंस्कृत, बुद्धिमान और धर्मनिष्ठ स्वभाव की गृहणी थी, जिसका प्रभाव भी मनु पर पड़ा। परंतु मनु की चार वर्ष की अवस्था के होने तक ही उनकी माता का देहांत हो गया और उनके पालन- पोषण की सम्पूर्ण जिम्मेदारी उनके पिता पर आ गया। घर में मनु की देख-भाल के लिए किसी के नहीं रहने के कारण उनके पिता मनु को अपने साथ पेशवा बाजीराव द्वितीय के दरबार में ले जाने लगे। जहां चंचल और सुन्दर मनु को सब लोग उसे प्यार से छबीली कहकर बुलाने लगे। मनु बाल्यकाल से ही नियमित योगाभ्यास करना, धार्मिक कार्यों में रूचि, सैन्य कार्यों में रूचि एवं निपुणता आदि अनेक विशेषताएं थी। उन्हें घोड़ों की अच्छी परख थी। रानी अपनी का प्रजा का समुचित प्रकार से ध्यान रखती थी। गुनाहगारों को उचित सजा देने की भी हिम्मत रखती थी। 1842 में उनका विवाह झांसी राज्य के विधुर महाराज गंगाधर राव नेवलेकर (निवालकर) के साथ हुआ, और वे झांसी की रानी बनी। विवाह के पश्चात ही वे मणिकर्णिका से लक्ष्मीबाई बनी। उनका विवाह प्राचीन झांसी में स्थित गणेश मंदिर में हुआ था। उनके पिता मोरोपंत ताम्बे विवाह के समय उनके साथ उनके ससुराल आए थे, और वे उनके साथ झांसी में ही रहने लगे थे। 1851 में उन्होंने एक पुत्र को जन्म दिया, जिसका नाम दामोदर राव रखा गया, परंतु दुर्भाग्यवश उसकी चार माह में ही मृत्यु हो गई। गंगाधर राव अपने पुत्र की मृत्यु का दु:ख सहन न कर सके और 1853 में वे बहुत बीमार पड़ गए। भविष्य की सोचकर उन्होंने अपने रिश्तेदार महाराज गंगाधर राव के भाई के पुत्र को गोद लेना निश्चित किया। इस प्रकार गोद लिए गए पुत्र के उत्तराधिकार पर ब्रिटिश सरकार कोई आपत्ति न ले, इसलिए यह कार्य ब्रिटिश अफसरों की उपस्थिति में पूर्ण किया गया। इस बालक का नाम आनंद राव था, जिसे बाद में बदलकर दामोदर राव रखा गया।

ऐतिहासिक विवरणियों के अनुसार 20 नवम्बर 1853 को दोपहर तीन बजे झांसी के सातवें राजा गंगाधर राव ने पांच वर्ष के एक बच्चे दामोदर राव को गोद लेने के लिए एक समारोह का आयोजन किया था। अगले ही दिन 21 नवम्बर 1853 को सुबह साढ़े चार बजे गंगाधर राव स्वर्ग सिधार गए थे। उस समय रानी की आयु मात्र 18 वर्ष थी, परंतु रानी ने अपना धैर्य और साहस नहीं खोया और बालक दामोदर की आयु कम होने के कारण राजकाज का उत्तरदायित्व लक्ष्मीबाई ने स्वयं पर ले लिया। उन्होंने अपनी सेना भी तैयार की। लक्ष्मीबाई की हमशक्ल झलकारी बाई उनकी सेना में प्रमुख थी। तत्कालीन गवर्नर लार्ड डलहौजी के द्वारा लागू की गई नियम- डॉक्ट्रीन ऑफ़ लैप्स के अनुसार अगर कोई राजा बिना संतान के मर जाता था, तो वह अपना कोई वारिस गोद नहीं ले सकता था और उसके राज्य को ब्रिटिश राज में मिला लिया जाता था। इस तरह अंग्रेज़ों ने पंजाब, सिक्किम, अवध और उदयपुर को अपने राज में मिला लिया था। झांसी को भी इसी तरह अंग्रेजी राज का हिस्सा बना लिए जाने का अंग्रेजों ने निश्चय कर लिया था। 20 नवम्बर 1853 के समारोह में दत्तक पुत्र के रूप में दामोदर राव को गोद लेने का भरपूर समर्थन देने का वचन दे चुके मेजर एलिस ने लगभग चार महीने बाद 15 मार्च 1854 को 11 बजे के करीब रानी के समक्ष उपस्थित होकर कहा कि उन्हें कलकत्ता से संदेश प्राप्त हुआ है कि भारत के गवर्नर जनरल ने दामोदर राव को गोद लेने को मान्यता देने से इनकार कर दिया और ब्रिटिश सरकार ने झांसी राज्य का अधिग्रहण करने का फैसला किया है। इस पर महारानी ने गवर्नर जनरल को पत्र लिखकर इसे लागू करने के लिए एक महीने की मोहलत मांगी। लेकिन अंग्रेजों ने इसे अस्वीकार कर दिया। यहीं से रानी लक्ष्मीबाई ने फैसला किया कि वह अपने सेना व विश्वासपात्रों के सहयोग से झांसी को बचाने के लिए अंग्रेजी हुकूमत से लोहा लेंगी और किसी भी हद तक जाएंगी। अंततः उन्होंने ऐसा ही किया।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**



### रानी लक्ष्मीबाई का शहीदी दिवस

*अंग्रेज सेना के साथ लड़ाई के दौरान एक अंग्रेज सैनिक ने उनके सिर पर वार कर दिया, जिससे रानी गंभीर रूप से घायल हो गईं। उनके विश्वासपात्र सैनिक उन्हें समीप के कोटा की सराई के पास ग्वालियर के फूलबाग क्षेत्र में स्थित गंगादास मठ में ले गए। वहां गंगाजल पीने के बाद 18 जून 1858 को आत्मविश्वासी, कर्तव्य परायण, स्वाभिमानी और धर्मनिष्ठ महारानी लक्ष्मीबाई ने देश की स्वाधीनता के लिए अपनी जान न्यौछावर कर दी।"*

## एक बार फिर निकला जिन्न बोतल से बाहर..

# ईवीएम पर ठोस समाधान की जरूरत



डॉ. सी.बी. यादव
स्वतंत्र टिप्पणीकार

"*भारतीय राजनीति में एक बार पुनः ईवीएम को लेकर भूचाल आ गया। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने एलन मस्क के एक पूर्व ट्वीट जिसमें उन्होंने कहा था कि "हमें इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों को खत्म कर देना चाहिए। इंसानों या एआई द्वारा हैक किए जाने का जोखिम, हालांकि छोटा है, फिर भी यह बहुत अधिक है।"*"

चुनाव से पूर्व भारतीय राजनीति में ईवीएम व चुनाव आयोग का पक्षपात पूर्ण रवैया एक प्रमुख मुद्दा रहा था। सड़क से सर्वोच्च न्यायालय तक ईवीएम का मुद्दा चर्चा में रहा। लेकिन चुनाव परिणाम ने तमाम आशंकाओं को खारिज करते हुए इंडिया गठबंधन को भी आशानुरूप सीटे प्राप्त हुई, तब यह प्रतीत हुआ कि अब यह मुद्दा आने वाले कुछ समय तक शांत हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी चुनाव परिणाम के उपरांत व्यंग्य किया कि "ईवीएम जिंदा है या मर गया है?" मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने चुनाव उपरांत प्रेस कॉन्फ्रेंस में ईवीएम पर सवाल उठाने वालों पर तंज कसा था कि, "ईवीएम के नतीजे सबके सामने हैं. उस बेचारे पर आरोप क्यों लगाना? लेकिन लोकसभा चुनाव परिणाम के महज 20 के अंदर ही मुंबई उत्तरी पश्चिमी लोकसभा सीट पर पुलिस एवं एक प्रमुख मीडिया रिपोर्ट के आधार पर राहुल गांधी, अखिलेश यादव, राजीव चंद्रशेखर आदि के सोशल मीडिया पर किए गए वार-पलटवार से एक बार ईवीएम का जिन्न भारतीय राजनीति में पुनः बाहर आ गया है। अब तक यह बहस केवल देश के भीतर थी लेकिन इस बार इस बहस में दुनिया के प्रमुख उद्योगपति, माइक्रोसॉफ्ट विशेषज्ञ एवं एक्स (पूर्व नाम ट्विटर) सोशल मीडिया के मालिक एलॉन मस्क भी कूद पड़े हैं।


यह मामला मुंबई उत्तर पूश्चिम लोकसभा के चुनाव परिणाम की धांधली से जुड़ा हुआ था। जिसकी शिकायत पर पुलिस ने अपनी एक इन्वेस्टिगेशन रिपोर्ट प्रस्तुत की तथा इस रिपोर्ट के आधार पर मुंबई का प्रमुख समाचार पत्र 'मिड डे' में एक रिपोर्ट प्रकाशित हुई,जिसके अनुसार शिवसेना(शिंदे) उम्मीदवार रवीन्द्र वाइकर के रिश्तेदार के पास मतगणना स्थल पर एक फोन था जिस पर ईवीएम अनलॉक करने के लिए ओटीपी आया। रवीन्द्र वाइकर ने महज़ 48 वोट से जीत दर्ज की है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अखबार की इस खबर के साथ ट्वीट करते हुए लिखा कि "भारत में ईवीएम एक "ब्लैक बॉक्स" है, और किसी को भी उसकी जांच करने की अनुमति नहीं है। हमारी चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर गंभीर चिंताएं जताई जा रही हैं। जब संस्थाओं में जवाबदेही का अभाव होता है तो लोकतंत्र दिखावा बन जाता है और धोखाधड़ी की आशंका बढ़ जाती है।" इसके उपरांत भारतीय राजनीति में एक बार पुनः ईवीएम को लेकर भूचाल आ गया। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने एलन मस्क के एक पूर्व ट्वीट जिसमें उन्होंने कहा था कि "हमें इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों को खत्म कर देना चाहिए। इंसानों या एआई द्वारा हैक किए जाने का जोखिम, हालांकि छोटा है, फिर भी यह बहुत अधिक है." इस पर उन्होंने रिट्वीट करते हुए कहा "मस्क की टिप्पणी एक बहुत सामान्य सा बयान है कि कोई भी सुरक्षित डिजिटल हार्डवेयर नहीं बना सकता है। एलन मस्क का विचार अमेरिका और अन्य स्थानों पर लागू हो सकता है, जहां वे इंटरनेट से जुड़ी वोटिंग मशीनें बनाने के लिए नियमित कंप्यूटर प्लेटफॉर्म का उपयोग करते हैं, लेकिन भारतीय ईवीएम कस्टम डिजाइन, सुरक्षित और किसी भी नेटवर्क या मीडिया से अलग हैं. इनमें कोई कनेक्टिविटी नहीं, कोई ब्लूटूथ, वाईफाई, इंटरनेट नहीं है यानी इन्हें हैक करने का कोई रास्ता नहीं है।

यद्यपि एलन मस्क ने अपना यह ट्वीट भारतीय ईवीएम के संदर्भ में नहीं किया था बल्कि अगले अमेरिकी चुनावों के लिए स्वतंत्र उम्मीदवार रॉबर्ट एफ कैनेडी जूनियर के एक पोस्ट के जवाब में एलन मस्क ने यह ट्वीट किया था।रॉबर्ट एफ कैनेडी जूनियर ने अपने पोस्ट में प्यूर्टो रिको में हुए मतदान में अनियमितताएं बताई थीं। लेकिन राजीव चंद्रशेखर के री-ट्वीट पर एलन मस्क ने जवाब देते हुए जब यह कहा कि "किसी भी मशीन को हैक किया जा सकता है" तब यह मामला भारतीय ईवीएम पर केंद्रित हो गया एवं एक बार पुनः भारतीय ईवीएम एवं चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में आ खड़ी हुई है।

जब भी ईवीएम पर सवाल खड़े किए जाते हैं तब एक बार ईवीएम का जिन्न सत्ता पक्ष समर्थित लोगों के कुछ सामान्य तारक सामने आते हैं कि ईवीएम मे यदि गड़बड़ी होती तो विपक्ष कर्नाटक, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, हिमाचल प्रदेश शहीद कई राज्यों विधानसभा चुनाव में जीत कैसे दर्ज कर रहा है? ईवीएम का प्रयोग 1988 में कांग्रेस सरकार द्वारा प्रारंभ किया गया तो अब उसे पर सवाल कैसे उठाया जा सकता है? चुनाव आयोग ने जब विपक्ष को ईवीएम की जांच के लिए आमंत्रित किया तो, उसने इसे किनारा क्यों किया? सर्वोच्च न्यायालय जब ईवीएम पर विश्वास जता चुका है तो ईवीएम पर बार-बार प्रश्न-चिन्ह लगाना वास्तव में जनता को गुमराह करने के समान है, लेकिन जब मुद्दा भारतीय लोकतंत्र के आधार स्तंभ चुनाव प्रणाली की पारदर्शिता एवं निष्पक्षता से जुड़ा हुआ हो तो ईवीएम पर सवालों को सिरे से खारिज करना उचित नहीं कहा जा सकता। यद्यपि चुनाव आयोग कई बार सर्वोच्च न्यायालय में यह दलील दे चुका है कि ईवीएम पूरी तरह सुरक्षित है क्योंकि यह स्टैंड अलोन है तथा इसे किसी भी बाहरी डिवाइस से कनेक्ट नहीं किया जा सकता। फैक्टरी प्रोग्राम किए गए कंट्रोलर्स को दोबारा प्रोग्राम नहीं किया जा सकता है। इसमें किसी भी प्रकार की कोई चिप नहीं लगी हुई है। लेकिन सवाल यह उठता है कि क्या इसके भीतर आज के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के युग में चिप लगाना असंभव है? इसका जवाब कोई भी पूर्ण दावे के साथ "हां" में नहीं दे सकता। ईवीएम मशीन पर शोध कर चुके पूर्व आईएएस अधिकारी कन्नन गोपीनाथन का मानना है कि एवं को स्टैंड अलोन कहना उचित नहीं है, क्योंकि अब ईवीएम को वीवीपीएटी मशीन से बाहरी डिवाइस द्वारा जोड़ा जाता है। वीवीपीएटी मशीन को प्रोग्राम करके ईवीएम के प्रोग्राम को बदलना संभव हो सकता है। आज राजनीति में सत्ता प्राप्ति के लिए सभी प्रकार की नैतिकताओं को ताक में रख दिया जाता है तो यदि किसी राजनीतिक सत्ता के पास इस तरह का विकल्प उपलब्ध हो तो क्या वह इसका दुरुपयोग नहीं कर सकता? यह सवाल भी उतना ही विचारणीय है कि यदि ईवीएम बिल्कुल सुरक्षित है तो आखिर इस प्रणाली का प्रयोग विकसित देशों द्वारा क्यों नहीं किया जाता तथा अनेक विकसित देशों ने इसे प्रतिबंध क्यों किया? क्या विकसित देशों के पास ईवीएम को सुरक्षित रखने की प्रणाली ईजाद करने की क्षमता नहीं है? जिसका दावा भारत का चुनाव आयोग कर रहा है। ईवीएम का मुद्दा वस्तुतः भारत के लोकतंत्र के आधार स्तंभ से जुड़ा हुआ है इसलिए इस पर उठने वाले संदेह एवं सवालों को केवल कुछ विशेष पक्ष द्वारा दिए जा रहे तर्कों के आधार पर दमन कर देना उचित नहीं है बल्कि चुनाव आयोग को इस पर और अधिक पारदर्शिता पूर्ण प्रणाली से इस पर अपना पक्ष रखना चाहिए।

लोकतंत्र में बिना किसी रक्त क्रांति के सत्ता प्राप्ति एवं सत्ता का हस्थानांतरण इसीलिए ही संभव हो पाता है कि इसकी चुनाव प्रणाली में जनता का गहरा विश्वास होता है। यदि जनता के इस विश्वास पर किसी भी प्रकार का संदेह उत्पन्न होता है सत्ता प्राप्त सरकारों की जनता में स्वीकार्यता निश्चित ही कमजोर होगी। अतः आवश्यक है कि ईवीएम पर उठने वाले संदेश एवं सवालों को पर गंभीरता से विचार करते हुए त्वरित रूप से पारदर्शी तरीके से दूर किया जाना बेहद जरूरी हो जाता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**



## व्यंग्य

# मोहे पनघट पे नंदलाल छोड़ गयो रे... !



प्रभात गोस्वामी
व्यंग्यकार

दो दिन के दौरे की बात कहकर जब चतुर्भुज मिस्त्री, चार दिनों तक गांव से घर नहीं लौटा तो उसकी बीवी को चिंता हुई। आजकल के हालात में हम सिर्फ चिंता ही प्रकट कर सकते हैं। बीवी ने एक कड़ा संदेश मोबाइल पर मांढ़ दिया। लेकिन उसके परिणामों के बारे में सोचकर उसे फिर से कोमल करते हुए लिखा– पिंटू के पापा। आशा है सकुशल होवोगे। चार दिन की चांदनी का मज़ा ले लिया हो तो घर लौट आओ।

बच्चे तुम्हारी राह देख रहे हैं। उनको पता चला कि उनके पापा गलत राह के राही बन गए हैं तो आगे से राह भी नहीं देखेंगे। हमारा क्या हम तो आपकी राह तकते-तकते अब ताकने के आदि हो गए हैं। मोबाइल मैसेज का टुन्न बजते ही चतुर्भुज सीमा पर खड़े फौजी की तरह से अलर्ट हो गया। ये उसका दुर्भाग्य ही कहो कि आजतक बीवी के आलावा किसी और ने संदेश ही नहीं किया। उसने संदेश का जवाब लिखा– पिंटू की मम्मी, मैं बिलकुल भी सकुशल नहीं हूं। गर्मी का मौसम जलदाय विभाग में हमारे जैसे कार्मिकों के लिए जानी दुश्मन से भी बुरा होता है।

यहां गांव में सामुदायिक टूटियों से पानी की जगह हवा निकल रही है। इंजन की सीटी जैसे मन विचलित होकर डोल रहा है। घरों में पानी नहीं पहुंचने से हाहाकार मचा हुआ है। पनघट पर रोज़ ही खाली मटके फोड़े जा रहे हैं। इससे कुम्भाराम तो बहुत खुश हो रहा है। उसके मटकों का निर्माण चार गुना बढ़ गया है। पर पाइपलाइन की मरम्मत करने पर मेरे पसीने छूट रहे हैं। उसने आगे लिखा– ऐसे विकट हालातों का सामना करने के लिए जेईएन नंदलाल मुझे पनघट पे छोड़कर चला गया। अपनी चांदनी से मिलने। वह यह कहकर गया था कि शीघ्र ही लौट आएगा! यहां क्या-क्या घट रहा है? बता नहीं सकता। हमने इंचार्ज बनने के मुगालते में चार्ज ले लिया।

अब सर मुंडाते ही मटके पड़ रहे हैं! मुझे घर की राह पकड़ने के लिए गांव से बाहर नहीं जाने दिया जा रहा है। और तुम गलत राह पर चलने का ताना मारकर घाव में घोबा डाल रही हो! यहां सब कह रहे हैं कि पानी दो वक्त चले इसकी व्यवस्था करो। अब मैं क्या करूं? भीषण गर्मी का मौसम हमारे जैसे तुच्छ कार्मिकों के लिए कुटने और बड़े अधिकारियों के लिए कूटने का होता है! उसने अपनी पीड़ा को आगे बयां करते हुए लिखा- जब सावन का महीना था और पवन के सोर से मौसम सुहाना था। बादल फट पड़ने को आमादा रहते थे। जब नलों के आलावा नदी-नालों से अमृत की तेज़ धारा बह रही थी। तब तो नंदलाल यहां इन्द्रदेव का रूप धरकर; अमृत महोत्सव मना रहा था। चुपके-चुपके और मज़ाक-मज़ाक में कितनी ही गोरी कलईयां मरोड़ रहा था। बेचारियों को दर्द होता होगा। इसका अंदाज़ा मुझे कल लगा जब सरपंच का बेटा मेरी मोटी कलाईयां मरोड़कर गया। चतुर्भुज ने आगे लिखा– गर्मी का मौसम जलदाय विभाग के लिए कुम्भ महोत्सव जैसा होता है। पर मेरे लिए अभी अधिकारी कुम्भकरण जैसे बने हुए हैं।

मेरी चीख उनकी निद्रा भंग नहीं कर पा रही है. ये दीगर बात है कि नींद में रहकर भी वहां साल भर सुस्त पड़ी फाइलें दौड़ा रहे हैं। जब सभी अधिकारी कुम्भ स्नान कर लेंगे तभी पानी के टैंकरों के फेरे यहाँ बढ़ेंगे। और उनके पग फेरे भी बढ़ेंगे। इसका सारा श्रेय लेने जेईएन नंदलाल फिर पनघट की ओर लौट आएगा। अभी तो हम यहाँ प्याज भी खा रहे और जूते भी। जब भीषण गर्मी कहर बरपा रही है; तो तुम इंद्रदेव की पूजा करो कि वह अपनी कृपा भी जल्दी ही बरसाए। तब ही हम इस कठोर ड्यूटी से मुक्त हो पाएंगे।

***तुम्हारा चरणदास – चतुर्भुज मिस्त्री***

## दुश्मन भी लक्ष्मीबाई की वीरता की प्रशंसा करने को हुए बाध्य

# खूब लड़ी मर्दानी वह तो झांसी वाली रानी थी



सुरेश सिंह बैस शाश्वत
स्वतंत्र टिप्पणीकार

देकाशी में जन्मी, विठूर में पली बढ़ी, झांसी में रानी का पद प्राप्त करने वाली लक्ष्मी बाई का जीवन संघर्षों की कहानी हैं। सन् 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में अंग्रेजों से टक्कर लेने वाली और ग्वालियर में अंग्रेजों से ही युद्ध करते हुए प्राणोत्सर्ग करने वाली वीरांगना लक्ष्मी बाई का साहस और व्यक्तित्व उनके हर कार्य में छलकता था। सन् 1853 ई. में गंगाधर राव की मृत्यु हो जाने पर रानी को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। एक ओर सदाशिव राव भाऊ अपने को झांसी की गद्दी का असली उत्तराधिकारी होने का दावा कर रहे थे, तो दूसरी ओर पड़ोसी राज्य ओरछा की लड़ाई में सरकार झांसी राज्य हड़पने की योजना बना रही थी, ऊपर से अंग्रेजों की गिद्ध दृष्टि भी झांसी पर लगी हुई थी। रानी लक्ष्मी बाई तीनों ओर से घिरी हुई थी। अंग्रेजों ने राजा रानी द्वारा गोद लिए- बालक दामोदर राव को उत्तराधिकारी स्वीकार नहीं किया। झांसी की सेना अव्यवस्थित थी, युद्ध का सामान नहीं था। रानी के चारों ओर भयावह स्थिति थी। ऐसी विषम परिस्थितियों में लक्ष्मी बाई ने बड़े धैर्य और साहस से कार्य किया।

उन्होंने अपने चारों ओर मंडराते हुए युद्ध के बादलों को छितराने के लिए युद्ध सामग्री को एकत्रित किया। पहली बार रानी लक्ष्मी बाई ने स्त्रियों को युद्ध की शिक्षा देकर उनका अलग से सैन्य दल बनाया। सेना सुव्यवस्थित होते ही रानी ने सदाशिवराव पर आक्रमण कर उसे पराजित किया। ओरछा राज्य के सेनापति को युद्ध के मैदान से भगाया।

वह अंग्रेजों से जा मिला किंतु रानी ने इसकी चिंता नहीं की। अंग्रेजों की दृष्टि पहले से ही झाँसी पर लगी हुई थी। जब अंग्रेजों ने अपने मित्र राज्य ओरछा की सेना की पराजय सुनी तो वे चौकन्ने हो गए। यह ऐसा था जब देश में अंग्रेजों के विरोध में आग सुलग रही थी। बिठूर में नाना साहब पेशवा और तात्या टोपे अंग्रेजों से लोहा ले रहे थे अतः उद्देश्य एक था, अतः दोनों ही एक दूसरे की मुसीबत के समय सहायता को हमेशा तत्पर थे। रानी ने मर्दन सिंह को लिखे एक पत्र में लिखा था कि- 'विदेशियों का शासन भारत वर्ष में नहीं होना चाहिए।' मर्दन सिंह ने भी रानी के विचाराना रूप उनका तब तक साथ दिया जब तक कि वे जेल के सीखंचों के बाहर रहे। ह्युरोज की सेना के आगे मर्दनसिंह टिक नहीं सके। वे भागकर वसोदिया चले गए। ह्युरोज ने वहां भी आक्रमण कर दिया। मर्दनसिंह को यहां से भी भागना पड़ा। जनरल गेर के साथ ह्युरोज अपनी सशस्त्र सेना के साथ झांसी पहुंचा। झांसी के किले को उसने चारों ओर से घेर लिया। ऐसी विषम स्थिति में रानी ने तात्या टोपे को सहायता के लिए पत्र लिखा। इस समय तक मर्दन सिंह और बखतबली भागकर कालपी गए थे। झांसी की ओर प्रस्थान करने के लिए तात्या टोपे नाना साहब से अनुमति प्राप्त कर 22,000 सैनिकों के साथ झांसी की ओर बढ़े, किंतु वह कुछ समय के लिए चरखारी में उलझ गए। वहां से चलकर तात्या टोपे ने मऊ में मुकाम किया। यहां से उसने झांसी की स्थिति का पता लगाकर युद्ध की घोषणा की। किंतु यह सेना झांसी तक नहीं पहुंच पाई। ह्युरोज की सेना ने तात्या टोपे की सेना को झांसी के बाहर ही हटा दिया। अंग्रेजी सेना ने झांसी के किले में बार बार आक्रमण कर झांसी पर कब्जा कर लिया। वहीं अंग्रेजों से अपने को बचाती हुई रानी कालपी पहुंच गई। कालपी में रहकर रानी ने पुनः सैन्य संगठन और युद्ध करने की योजना बनाई। ह्युरोज भी मौन नहीं बैठा था। उसने एक भारी सेना कालपी पर अधिकार करने के लिए भेज दी। विद्रोहियों ने युद्ध में डटकर अंग्रेजों का सामना किया और महारानी लक्ष्मीबाई अंग्रेजों पर पर टूट पड़ी। घोड़े पर सवार, मुंह में लगाम थामे पीठ पीछे बालक दामोदर को बांधे और हाथ में भुजाला लिए रानी दोनों ओर से बैरियों को काटते हुए अपने सैनिकों को प्रोत्साहन दे रही थीं, किंतु अंग्रेजों के निरंतर आक्रमण के कारण रानी को युद्ध मैदान छोड़ना पड़ा। कालपी का किला भी अंग्रेजी के अधिकार में आ गया। रानी के साथ सभी विद्रोही कालपी छोड़कर ग्वालियर चले गए और वहां के किले पर अधिकार कर लिया। किंतु ह्युरोज भी अपनी सेना लेकर ग्वालियर की ओर बढ़ा और मुरार नामक स्थान पर अपनी छावनी डाल दी। ग्वालियर का युद्ध रानी लक्ष्मीबाई का अंतिम युद्ध था। रानी ने अंतिम सांस तक अंग्रेजों से युद्ध किया और वीरगति प्राप्त की। रानी लक्ष्मी बाई के धैर्य, साहस, रणनीति, युद्ध संचालन की सराहना स्वयं ह्यूरोज सहित अन्य तत्कालीन अंग्रेजों ने भी की है। धन्य है वह वीरांगना जिसने अपनी वीरता से दुश्मन को भी अपनी प्रशंसा करने को बाध्य कर दिया। तभी तो कवियित्री सुभद्रा कुमारी चौहान ने लिखा है - "खूब लड़ी मर्दानी वह तो झांसी वाली रानी थी.....।"



**सीपी जोशी,** प्रदेशाध्यक्ष बीजेपी
@cpjoshiBJP
मोदी 3.0 की प्राथमिकता: सशक्त और समृद्ध अन्नदाता।



**जया किशोरी (वक्ता),**
आध्यात्मिक मार्गदर्शक
@iamjayakishori
आपका कद नहीं, आपकी विनम्रता आपको बड़ा बनाती है।

### महाराष्ट्र: विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच पालाबदल को लेकर अटकलों को दी जा रही है हवा

# शिंदे गुट के 18 MLA संपर्क में, RCP (शरद पवार) का थामेंगे दामन: रोहित

**एजेंसी** | मुंबई

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एससीपी) के नेता व पार्टी प्रमुख शरद पवार के पोते रोहित पवार ने दावा किया है कि आगामी मानसून सत्र के बाद महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के 18 से 19 विधायक पाला बदलेंगे और राकांपा (एससीपी) में शामिल होंगे। ये विधायक हमारे संपर्क में हैं।



रोहित ने कहा कि ऐसे कई राकांपा विधायक हैं, जिन्होंने गत जुलाई में संगठन में विभाजन के बाद पार्टी के संस्थापक शरद पवार के खिलाफ कुछ भी बुरा नहीं कहा। उन्होंने कहा कि राकांपा विधायकों को विधानसभा के मानसून सत्र में हिस्सा लेना है। इस दौरान विधायकों को अपने निर्वाचन क्षेत्र के विकास के लिए धनराशि लेनी है। इसलिए, राकांपा के विधायक मानसून सत्र के खत्म होने तक इंतजार करेंगे।

रोहित पवार ने कहा कि शरद पवार और अन्य राकांपा (एससीपी) नेता यह तय करेंगे कि किस विधायक को अपनी पार्टी में वापस शामिल करना है। ज्ञात रहे कि महाराष्ट्र विधानसभा का मानसून सत्र 27 जून से 12 जुलाई तक चलेगा। अक्तूबर-नवंबर में राज्य में विधानसभा चुनाव होने हैं और इससे पहले यह विधानसभा का आखिरी सत्र होगा। 2019 के विधानसभा चुनाव में अविभाजित राकांपा ने 54 सीटों पर जीत हासिल की थी। इसके बाद वर्ष 2023 में पार्टी का विभाजन हुआ था।

### एकनाथ शिंदे सरकार ने दिया स्वास्थ्य बीमा का तोहफा



दूसरी ओर, महाराष्ट्र की एकनाथ शिंदे सरकार ने विधानसभा चुनावों से पहले राज्यवासियों को बड़ा तोहफा दिया है। अब राज्य की नई स्वास्थ्य बीमा योजना महात्मा ज्योतिराव फुले जन आरोग्य अभियान सभी के लिए लागू करने का फैसला किया गया है। सरकार ने इस योजना के वार्षिक प्रीमियम को 60 प्रतिशत बढ़कर 3,000 करोड़ रुपए से अधिक कर दिया है। नई योजना 1 जुलाई से लागू होगी। नई स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत राज्यवासियों को अब डेढ़ लाख की जगह कुल पांच लाख का बीमा कवर दिया जाएगा। 2012 में लॉन्च होने के बाद से इस योजना में यह बड़ा बदलाव है। राज्य के 12.3 करोड़ परिवारों के लिए सरकार प्रति परिवार 1,300 रुपये का प्रीमियम देगी। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक 2023-24 में 5.7 लाख परिवारों ने इस योजना का लाभ उठाया है।

### पी. श्रीनिवास राव बने आंध्र प्रदेश टीडीपी के अध्यक्ष



**विजयवाड़ा।** टीडीपी सुप्रीमो और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने रविवार को कृषि मंत्री के अत्चनायडू की जगह गाजुवाका विधायक पी श्रीनिवास राव यादव को पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। चंद्रबाबू नायडू ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में विश्वास व्यक्त किया कि पी श्रीनिवास नई जिम्मेदारी को सफलतापूर्वक निभाएंगे। ज्ञात रहे कि नायडू ने अत्चनायडू को कृषि, सहकारिता, विपणन, पशुपालन और डेयरी विकास और मत्स्य पालन विभाग की जिम्मेदारी सौंपी है। नायडू ने गत दिनों राज्य के मुख्यमंत्री के पद की शपथ ली थी। उन्होंने राज्य में चौथी बार कमान संभाली है।

### केरल कांग्रेस ने ईसाई समुदाय से मांगी माफी

**तिरुवनंतपुरम।** केरल कांग्रेस ने अपने एक हालिया सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर सोमवार को ईसाई समुदाय से माफी मांगी। दरअसल, पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर पोप फ्रांसिस के साथ उनकी हालिया मुलाकात को लेकर कटाक्ष किया था। जिसके बाद राज्य में सियासी विवाद पैदा हो गया था। कांग्रेस ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने आधिकारिक हैंडल से उस पोस्ट को हटा लिया है। पार्टी की केरल इकाई ने एक ताजा पोस्ट में कहा कि अगर उसकी पहली पोस्ट से ईसाई धर्मावलंबियों को कोई भावनात्मक या मनोवैज्ञानिक पीड़ा हुई है तो वह उनसे बिना शर्त माफी मांगती है। पार्टी ने स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि राज्य के लोग स्पष्ट रूप से जानते हैं कि किसी भी धर्म, धर्मगुरुओं या प्रतिमाओं का अपमान और निरादर करना कांग्रेस की परंपरा नहीं है। कोई भी कांग्रेस कार्यकर्ता पोप का अपमान करने के बारे में दूर-दूर तक नहीं सोचेगा।

### स्पीकर के पद के लिए व्यूह रचना में जुटे राजग व विपक्षी गठबंधन

# अध्यक्ष पद अपने पास रखेगी भाजपा डिप्टी स्पीकर सहयोगी दलों का संभव

**एजेंसी** | नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के बाद सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों की लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव के लिए व्यूह रचना करने में लगे हैं। विपक्षी गठबंधन इंडिया के नेता बार बार यह संकते दे रहे हैं कि वे अध्यक्ष पद राजग के किसी सहयोगी दल को दिए जाने के पक्ष में हैं। जबिक वे खुद उपाध्यक्ष का पद चाहते हैं।

वहीं, भाजपा अध्यक्ष पद अपने पास रखने की इच्छुक है, लेकिन वह उपाध्यक्ष का पद किसी सहयोगी दल को देने को तैयार है। सूत्रों के अनुसार भाजपा ने अपने इस रुख से सहयोगी दलों को अवगत करा दिया है।

जदयू ने साफ संकेत दे दिया है कि वह राजग के सबसे बड़े घटक के रूप में भाजपा की ओर से मनोनीत प्रत्याशी का समर्थन करेगी। वहीं, तेलुगु देशम पार्टी की ओर से इस तरह का कोई साफ संकेत नहीं मिला है। वहीं मीडिया में आई रिपोर्टो के अनुसार टीडीपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता पट्टाभि राम कोमारेड्डी ने कहा है कि अध्यक्ष का पद उसी को मिलेगा जिसके नाम पर सर्वसम्मति होगी। उनका कहना था कि एनडीए के सहयोगी दल जब एक साथ बैठेंगे तो यह तय कर लेंगे कि स्पीकर पद के लिए हमारा उम्मीदवार कौन होगा। आम सहमति बनने के बाद ही उम्मीदवार उतारा जाएगा। वहीं, विपक्ष लोकसभा अध्यक्ष पद के उम्मीदवार नाम की घोषणा के इंतजार में है।



### 26 जून को नए लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव

ध्यान देने की बात है कि 24 और 25 जून को नव निर्वाचित सांसदों के शपथ ग्रहण के अगले दिन यानी 26 जून को नए लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव होना है। तीसरे कार्यकाल में भाजपा के अकेले बहुमत से दूर रहने की स्थिति में लोकसभा अध्यक्ष पद को काफी अहम माना जा रहा है।

### राजनाथ का सहयोगी दलों के साथ मंथन

भाजपा ने अध्यक्ष पद पर विपक्ष समेत सभी दलों से बात कर आम सहमति बनाने की जिम्मेदारी पार्टी के वरिष्ठ नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को सौंपी है। इसके बाद रविवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आवास पर राजग नेताओं की अहम बैठक हुई। इस बैठक में लोकसभा अध्यक्ष पद को लेकर गहन चर्चा की गई। बैठक में बीजेपी अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, किरेन रिजिजू, अश्विनी वैष्णव, टीडीपी की तरफ से राम मोहन नायडू, जदयू की ओर से ललन सिंह, लोजपा (रामविलास) की ओर से चिराग पासवान समेत कई और नेता शामिल हुए थे। सूत्रों के अनुसार सोमवार को भी भाजपा और सहयोगी पार्टियों के बीच अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद को लेकरमंथन चलता रहा। सूत्रों के मुताबिक बैठक में चुनाव के साथ उम्मीदवार को लेकर भी बैठक मंथन किया गया। भाजपा स्पीकर का पद अपने पास और डिप्टी स्पीकर का पद सहयोगियों को देना चाहती है। चूंकि विपक्ष की नजर इस बार नेता प्रतिपक्ष के साथ डिप्टी स्पीकर पर भी है, इसलिए स्पीकर के चुनाव में भाजपा की चुनौती बढ़ सकती है और सहमति नहीं बनने पर विपक्ष अपना प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतार सकता है। सूत्रों के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 26 जून को लोकसभा स्पीकर के उम्मीदवार के नाम का प्रस्ताव सदन में रखेंगे।

### स्पीकर के लिए भतृहरि महताब व डी पुरंदेश्वरी के नाम भी चर्चा में

माना जा रहा है कि लोकसभा अध्यक्ष पद की दौड़ में निवर्तमान अध्यक्ष ओम बिरला के अलावा ओडिशा से भाजपा नेता भतृहरि महताब और आंध्र प्रदेश भाजपा नेता डी पुरंदेश्वरी भी शामिल हैं। महताब ओडिशा के जाने-माने नेता हैं। वह नवीन पटनायक की बीजू जनता दल छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे। वहीं, पुरंदेश्वरी पार्टी की आंध्र प्रदेश इकाई की अध्यक्ष हैं। ओडिशा और आंध्र प्रदेश दोनों ऐसे राज्य हैं, जहां भाजपा ने हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनाव में शानदार प्रदर्शन किया है। ओडिशा में भाजपा ने बीजेडी के 24 साल के शासन का अंत कर दिया।

### पश्चिम बंगाल के राज्यपाल का आदेश

# राजभवन परिसर को तत्काल खाली करे पुलिस

**एजेंसी** | कोलकाता

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने सोमवार की सुबह राजभवन में तैनात कोलकाता पुलिस के कर्मियों को तत्काल परिसर खाली करने का आदेश दिया। एक अधिकारी ने बताया कि राज्यपाल बोस राजभवन के उत्तरी द्वार के पास स्थित पुलिस चौकी को 'जन मंच' में बदलने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने प्रभारी अधिकारी सहित राजभवन के अंदर तैनात पुलिस अधिकारियों को तत्काल परिसर खाली करने का आदेश दिया है।'' राज्यपाल का यह आदेश ऐसे समय में आया है, जब हाल ही पुलिस ने भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी और राज्य में चुनाव के बाद हुई हिंसा के कथित पीड़ितों को बोस से मिलने के लिए राजभवन में प्रवेश करने से रोक दिया था, जबकि राज्यपाल ने इसके लिए लिखित अनुमति दी थी। दरअसल, पुलिस ने सीआरपीसी की धारा 144 का हवाला देते हुए शुभेंदु अधिकारी को राजभवन के अंदर दाखिल होने से रोक दिया था। राज्यपाल आनंद बोस ने इस पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को पत्र लिखा था। उन्होंने सीएम से पूछा था कि किस आधार पर पुलिस ने शुभेंदु अधिकारी को राजभवन के परिसर के अंदर आने से रोका।



### राजभवन की इजाजत थी तो क्यों नहीं मिलने दिया!

कलकत्ता हाईकोर्ट ने शुक्रवार को कहा था कि अगर राजभवन की तरफ से इजाजत मिलती है तो सुवेंदु अधिकारी और हिंसा पीड़ित लोग गवर्नर से मिलकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। जस्टिस अमृता सिन्हा की पीठ ने पश्चिम बंगाल के एडवोकेट जनरल से यह भी पूछा था कि क्या गवर्नर को हाउस अरेस्ट में रखा गया है। अगर ऐसा नहीं है तो इन लोगों को राजभवन जाकर गवर्नर से मिलने क्यों नहीं दिया जा रहा है। ज्ञात रहे कि लोकसभा चुनाव के बाद भाजपा ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर चुनाव के बाद हिंसा करने का आरोप लगाया था। इस आरोप को टीएमसी ने नकार दिया।

### काशी की जनता का जताएंगे आभार

# प्रधानमंत्री मोदी आज वाराणसी में किसान निधि भी की जाएगी जारी

**एजेंसी** | वाराणसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद मंगलवार को दो दिवसीय वाराणसी दौरे पर आ रहे हैं। वह काशी की जनता का आभार जाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वाराणसी में प्रधानमंत्री की अगवानी करेंगे। प्रधानमंत्री सेवापुरी विधानसभा क्षेत्र स्थित मेंहदीगंज में किसान सम्मान सम्मेलन को संबोधित करेंगे। काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन करेंगे। दशाश्वमेध घाट पर गंगा आरती में शामिल होंगे। वे किसान सम्मान निधि की लगभग 20,000



करोड़ रुपए की 17वीं किस्त जारी करेंगे और स्वयं सहायता समूहों की 30 हजार से अधिक महिलाओं को सर्टिफिकेट भी देंगे। भाजपा ने किसान सम्मेलन में 50 हजार किसानों की भागीदारी का लक्ष्य रखा है। प्रधानमंत्री नामांकन के पहले बाबा विश्वनाथ और मां गंगा का दर्शन करने गए थे।

### केसरिया पगड़ी में आएंगे किसान

जनसभा में किसान केसरिया पगड़ी पहनकर पहुंचेंगे और तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद प्रथम काशी आगमन पर नरेन्द्र मोदी के प्रति सम्मान व्यक्त करेंगे। भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय महामंत्री डॉ. जयनाथ मिश्र ने पदाधिकारियों के साथ बैठक में इस सम्बंध में रणनीति तय की है।

### कांग्रेस नेताओं ने फिर उठाए ईवीएम पर सवाल

# चुनाव आयोग पारदर्शिता सुनिश्चित करे: राहुल

**एजेंसी** | नई दिल्ली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को फिर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) की विश्वसनीयता पर सवाल उठाया। उन्होंने चुनाव आयोग से ईवीएम और प्रक्रियाओं की पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करने या उन्हें समाप्त करने की मांग की। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में यह बात कही है। उन्होंने यह भी कहा कि जब लोकतांत्रिक संस्थानों पर कब्जा कर लिया जाता है तो एकमात्र सुरक्षा चुनावी प्रक्रिया में निहित होती है, जो जनता के लिए पारदर्शी



होती है। इसके एक दिन पहल राहुल गांधी ने आरोप लगाया था कि ईवीएम एक 'ब्लैक बॉक्स' है और किसी को भी उसकी जांच करने की अनुमति नहीं है।

पार्टी के एक अन्य नेता गौरव गोगोई ने कहा कि ईवीएम को अचूक मानने से पहले चुनाव आयोग को यह आंकड़ा देना चाहिए कि पूरे चुनाव के दौरान कितनी ईवीएम खराब पाई गईं। उन्होंने कहा, कितनी मशीनों ने गलत समय, तारीख वोट दर्ज किया है? कितने ईवीएम के घटकों (कंपोनेंट्स) काउंटिंग यूनिट, बैलेट यूनिट को बदला गया?

मॉक मतदान के दौरान कितनी ईवीएम खराब पाई गईं? गोगोई ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर यह भी कहा, चुनाव लड़ने के बाद मैं भरोसे से कह सकता हूं कि इन मशीनों ने गलत परिणाम दिखाए हैं। मुझे उम्मीद है कि चुनाव आयोग आंकड़ों को सामने रखेगा, क्योंकि जनता को जानने का अधिकार है।

इस बीच ओरवसीज कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने भी इस पर सवाल उठाया है। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'मैंने 60 साल से ज्यादा वक्त तक इलेक्ट्रॉनिक्स, टेलिकॉम जैसे सेक्टर में काम किया है। मैंने ईवीएम की व्यवस्था का पूरा अध्ययन किया है। मेरा मानना है कि इनसे छेड़छाड़ हो सकती है। सबसे सही रहेगा कि बैलेट पेपर से ही चुनाव हो और उनकी गिनती से ही हार और जीत का फैसला किया जाए।

### चार राज्यों में विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटी भाजपा: प्रभारी व सह प्रभारी किए नियुक्त

# महाराष्ट्र के लिए भूपेंद्र यादव व अश्विनी वैष्णव करेंगे चुनावी व्यूह रचना

**एजेंसी** | नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के बाद भाजपा इस साल चार राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों की तैयारी में जुट गई है। पार्टी आलाकमान ने महाराष्ट्र, हरियाणा, झारखंड और जम्मू-कश्मीर के चुनाव प्रभारी और सह प्रभारी नियुक्त कर दिए हैं। पार्टी ने महाराष्ट्र के लिए में भूपेंद्र यादव को प्रभारी बनाया है जबकि सहप्रभारी की भूमिका में अश्विनी वैष्णव रहेंगे। भाजपा नीत राजग को हाल ही हुए लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र में सियास झटका लगा था। ऐसे में उसके सामने लोकसभा चुनाव में मजबूत होकर उभरे







महा विकास अघाड़ी (एमवीए) की कड़ी चुनौती होगी। इसके अलावा केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को हरियाणा का चुनाव प्रभारी और सांसद बिप्लब कुमार देव को सह-प्रभारी बनाया गया है। पार्टी ने मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को झारखंड का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है। उनके साथ असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा को सह-प्रभारी बनाया गया है। पार्टी ने जी किशन रेड्डी को जम्मू और कश्मीर के लिए चुनाव प्रभारी नियुक्त किया गया।

### किसको कहां का प्रभार

महाराष्ट्र- भूपेंद्र यादव प्रभारी व अश्विनी वैष्णव सह प्रभारी

हरियाणा- धर्मेंद्र प्रधान प्रभारी व विप्लव देव सह प्रभारी

झारखंड- शिवराज सिंह चौहान प्रभारी व हिमंत बिस्व सरमा सह प्रभारी

जम्मू कश्मीर- जी किशन रेड्डी प्रभारी

### उप चुनाव के लिए प्रत्याशी घोषित

इसके साथ ही पार्टी ने विधानसभा उप चुनाव के लिए अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। पंजाब की जालंधर पश्चिम (एससी) से शीतल अंगुराल को उम्मीदवार बनाया है। इसके अलावा पश्चिम बंगाल के रायगंज से मानस कुमार घोष, रानाघाट दक्षिण (एससी) से मनोज कुमार बिस्वास, बागदा (एससी) से बिनय कुमार बिस्वास और मानिकतला से कल्याण चौबे भट्टाचार्य को उम्मीदवार बनाया है।

### झारखंड-महाराष्ट्र-हरियाणा में नवंबर में चुनाव संभव

झारखंड,महाराष्ट्र और हरियाणा में अक्टूबर-नवंबर में चुनाव होने की संभावना है। अगर इन तीन राज्यों की मौजूदा स्थिति के बारे में बात करें तो हरियाणा में भाजपा की सरकार है। नायब सिंह सैनी राज्य के मुख्यमंत्री हैं। लोकसभा चुनाव में शानदार प्रदर्शन के बाद इस बार कांग्रेस के हौसले बुलंद हैं। लोकसभा चुनाव में हरियाणा में भाजपा को 5 सीटों का नुकसान हुआ है जबकि कांग्रेस ने पांच सीटों पर जीत हासिल की। 2019 में कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिली थी। झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस के गठबंधन की सरकार है। राज्य के मौजूदा सीएम चंपई सोरेन हैं। जमीन घोटाले मामले में पूर्व सीएम हेमंत सोरेने के जेल जाने के बाद चंपई को सीएम बनाया गया था। उधर, महाराष्ट्र में महायुति की सरकार है। राज्य के मौजूदा मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे हैं। महायुति में बीजेपी, सीएम शिंदे नीत शिवसेना और अजीत पवार नीत एनसीपी शमिल हैं। इस बार लोकसभा चुनाव में यहां एनडीए को बड़ा झटका लगा।

**जम्मू कश्मीर में 30 सितंबर से पहले संभावना :** जम्मू कश्मीर की 90 विधानसभा सीटों के लिए चुनाव 30 सितंबर से पहले होने के आसार हैं। सूत्रों के मुताबिक, भाजपा सभी 90 सीटों पर उम्मीदवार उतार सकती है। यहां पिछला विधानसभा चुनाव 2014 में हुआ था। तब भाजपा और पीडीपी की गठबंधन वाली सरकार बनी थी।

## जरूरी खबर

### उत्तरी सिक्किम: रास्ता खुला,64 पर्यटकों को बचाया

**गंगटोक।** सिक्किम सरकार ने भारी बारिश से हुए भूस्खलन के कारण उत्तरी सिक्किम में फंसे पर्यटकों को हवाई मार्ग से निकालने के लिए वायु सेना से सहायता मांगी है। करीब 1200-1500 पर्यटक फंसे हुए हैं। इस बीच, सीमा सड़क संगठन ने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में उत्तरी सिक्किम तक कनेक्टिविटी बहाल कर दी है। 64 फंसे हुए पर्यटकों के पहले बैच को चुंगथांग से मंगन तक सफलतापूर्वक निकाल लिया गया है। 11 जून से लगातार हो रही बारिश के कारण उत्तरी सिक्किम में भारी निकसान हुआ है। रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल महेंद्र रावत ने बताया कि उत्तरी सिक्किम जाने वाली सड़कों दिक्चू-संकलांग-तूंग, मंगन-संकलांग, सिंगतान-रंगरंग और रंगरंग-तूंग पर दरारें पड़ गई हैं। इस कारण इस क्षेत्र से संपर्क टूट गया है, जिस कारण उत्तरी सिक्किम में लगभग 1200-1500 पर्यटक फंसे हुए हैं।

### राजकोट अग्निकांड: 3 सदस्यीय समिति भी करेगी जांच



**राजकोट।** गुजरात सरकार ने राजकोट टीआरपी गेमिंग जोन अग्निकांड की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति का गठन किया है। इस घटना में बच्चों सहित 27 लोगों की मौत हो गई थी। इस समिति के सदस्य मनीषा चंद्रा, पी. स्वरूप, और राजकुमार बेनीवाल को 30 जून तक शहरी विकास विभाग के प्रमुख सचिव अश्विनी कुमार को एक विस्तृत रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है। इस घटना की जांच पहले से ही विशेष जांच दल (एसआईटी), राजकोट पुलिस, अपराध शाखा और एसओजी द्वारा की जा रही है।

### दिल्ली एयरपोर्ट पर हुई बिजली गुल, सेवाएं बाधित

**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सोमवार को अचानक से कुछ देर के लिए बिजली गुल हो जाने से हंगामा मच गया। बताया गया है कि एयरपोर्ट पर करीब 20 से 30 मिनट के लिए बिजली गुल हो गई, जिससे यहां बोर्डिंग से लेकर चेक-इन तक में समस्या पैदा हो गई। इससे यात्री परेशान हो गए। बिजली आपूर्ति बाधित होने से अंधेरा छा गया। साथ ही फ्लाइट ऑपरेशन सहित एयरपोर्ट का पूरा सिस्टम ठप्प हो गया। कुछ मिनटों के बाद बिजली की आपूर्ति को बहाल कर दिया गया, लेकिन इन सिस्टम को दोबारा रिस्टार्ट होने में काफी समय लग गया।

## रेल मंत्री मोटर साइकिल से पहुंचे दुर्घटना स्थल पर



*न्यू जलपाईगुड़ी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन के पास रंगापानी में ट्रेन दुर्घटना स्थल का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। सड़क बड़े वाहनों के चलने के लिहाज से संकरी होने के कारण रेल मंत्री को दुर्घटना स्थल तक पहुंचने के लिए कुछ दूरी मोटरसाइकिल के पीछे बैठकर तय करनी पड़ी।*

## ट्रेक पर 10 शेर कर रहे थे आराम, बच गए प्राण



**भावनगर।** गुजरात के अमरेली जिले में पीपावाव बंदरगाह के पास एक मालगाड़ी के चालक ने सोमवार तड़के पटरियों पर दस शेरों को देखकर आपातकालीन ब्रेक लगा उनकी जान बचाई। एक रेलवे अधिकारी ने यह जानकारी दी। पश्चिम रेलवे के भावनगर खंड की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह घटना तब हुई जब मुकेश कुमार मीणा पीपावाव बंदरगाह स्टेशन से साइडिंग (मुख्य गलियारे के बगल में एक छोटा ट्रैक) तक मालगाड़ी का संचालन कर रहे थे। मीणा ने जैसे ही दस शेरों को पटरी पर आराम करते देखा उन्होंने आपातकालीन ब्रेक लगाकर ट्रेन रोक दी। उन्होंने तब तक इंतजार किया जब तक शेर उठकर पटरी से दूर नहीं चले गए।

**मणिपुर:** उच्च स्तरीय बैठक में गृह मंत्री ने की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा

# कूकी व मैतेई समुदायों से केंद्र कर सकता है बातचीत: शाह

**एजेंसी** | नई दिल्ली

मणिपुर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए सोमवार शाम को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक बैठक की अध्यक्षता की। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि गृह मंत्रालय जल्द ही दोनों जातीय समूहों मैतेई और कुकी समुदाय से बात करेगी, ताकि उनके बीच की खाई को पाटा जा सके। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राजग के दोबारा सत्ता में आने के बाद केंद्र सरकार की यह पहली उच्च स्तरीय बैठक है। शाह ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार मणिपुर के लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने राज्य शांति और सौहार्द को बहाल करने के लिए केंद्रीय बलों की रणनीतिक तैनाती करने को भी कहा। ज्ञात रहे कि राज्य में कुकी व मैतेई समुदाय के बीच हिंसक टकराव हो रहा है।




### ये मौजूद थे बैठक में

इस बैठक में केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला, खुफिया ब्यूरो प्रमुख तपन डेका, सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी, थ्री कोर के जीओसी एचएस साही, मणिपुर के सुरक्षा सलाहकार कुलदीप सिंह, राज्य के मुख्य सचिव विनीत जोशी व डीजीपी राजीव सिंह और असम राइफल्स के डीजी प्रदीप चंद्रन नायर शामिल हुए।

### राहत शिविरों की स्थिति की समीक्षा

गृह मंत्री ने राहत शिविरों की स्थिति की भी समीक्षा की तथा भोजन, पानी, दवाइयों और अन्य बुनियादी सुविधाओं की समुचित उपलब्धता के निर्देश दिए। उन्होंने हिंसा करने वालों के खिलाफ कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। शाह ने मणिपुर के मुख्य सचिव को विस्थापित लोगों के लिए उचित स्वास्थ्य और शिक्षा सुविधाएं सुनिश्चित करने तथा उनका पुनर्वास करने को कहा।

### बढ़ सकती है केंद्रीय बलों की तैनाती

बैठक के बाद गृह मंत्रालय ने बताया कि मणिपुर में सुरक्षा स्थिति की समग्र समीक्षा की और यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि मणिपुर में हिंसा की कोई और घटना न हो। उन्होंने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर केंद्रीय बलों की तैनाती बढ़ाई जाएगी। गृह मंत्री ने यह भी निर्देश दिया कि हिंसा करने वालों के खिलाफ कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

### भागवत ने मणिपुर को लेकर जताई थी चिंता

भागवत ने नागपुर में कहा था कि मणिपुर की स्थिति पर प्राथमिकता के साथ विचार करना होगा। राष्ट्र के सामने समस्याओं पर ध्यान देने की जरूरत है। अशांति या तो भड़की या भड़काई गई, लेकिन मणिपुर जल रहा है और लोग इसकी तपिश का सामना कर रहे हैं। राज्य के पहाड़ी जिलों में आदिवासी एकजुटता मार्च के बाद मई, 2023 को राज्य में जातीय हिंसा भड़क उठी थी। राज्य में अब तक 220 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं।

**परमाणु हथियार की होड़ जारी**

## पाकिस्तान से आगे है भारत, चीन का जखीरा भी बढ़ा

**एजेंसी** | नई दिल्ली

एक स्वीडिश थिंक टैंक ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया है कि भारत परमाणु हथियारों की संख्या में पाकिस्तान से आगे निकल गया है, जबकि चीन के परमाणु जखीरे में भी बढ़ोत्तरी हुई है। चीन के परमाणु हथियारों की संख्या इस साल जनवरी में बढ़कर 500 हो गई है। पिछले साल यह संख्या 410 थी।

स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टिट्यूट(सिपरी) ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि दुनिया के नौ देश परमाणु हथियारों से लैस हैं और जिनमें शामिल भारत, पाकिस्तान और चीन लगातार अपने परमाणु हथियारों को बढ़ा रहे हैं और उनका आधुनिकीकरण कर रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक दुनियाभर में 2,100 परमाणु हथियार है, जिनमें से ज्यादातर रूस और अमेरिका के पास हैं। रूस और अमेरिका के सभी हथियार हाई ऑपरेशनल अलर्ट पर हैं।

### भारत के पास हैं 172 परमाणु हथियार

सिपरी की रिपोर्ट के मुताबिक भारत के पास जनवरी 2024 तक 172 परमाणु हथियार थे, यह पाकिस्तान के 170 परमाणु हथियारों से 2 ज्यादा हैं। रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान के परमाणु हथियारों का मुख्य लक्ष्य भारत है, तो वहीं भारत लगातार लंबी दूरी की मिसाइलों को बनाने की कोशिश में है, जो कि चीन के पूरे क्षेत्र तक अपनी पहुंच बना सके। सिपरी की रिपोर्ट में यह भी निकल कर सामने आया कि भारत, पाकिस्तान और नॉर्थ कोरिया लगातार अमेरिका और रूस की तरह बैलेस्टिक मिसाइलों पर परमाणु हथियारों को लगाने की तैयारी कर रहे हैं। चीन के बारे में सिपरी के हेन्स क्रिश्चियन ने कहा कि इस देश ने किसी भी देश से ज्यादा तेजी के साथ परमाणु हथियारों का निर्माण किया है।

**भारत-अमेरिका के NSA की बैठक**

## भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को प्रशिक्षण देगा नासा

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भारत और अमेरिका के बीच अंतरिक्ष में आपसी सहयोग को बढ़ावा देने की रणनीति पर चर्चा की गई। अमेरिका ने कहा कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान केंद्र (इसरो) के अंतरिक्ष यात्रियों को जॉनसन स्पेस सेंटर में नासा द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। अमेरिका और भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों क्रमशः जेक सुलिवन और अजीत डोभाल के बीच नई दिल्ली में हुई बातचीत में इस पर विचार किया गया। बातचीत के बाद जारी किए गए तथ्य पत्र में कहा गया है कि दोनों पक्ष लूनर गेटवे कार्यक्रम में भाग लेने के अवसर भी तलाश रहे हैं। लूनर गेटवे प्रोग्राम का लक्ष्य चंद्रमा के चारों ओर एक अंतरिक्ष स्टेशन का निर्माण करना है।



### अंतरिक्ष सहयोग को मजबूत करने पर जोर

दोनों देशों के एनएसए ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में नासा और इसरो के अंतरिक्ष यात्रियों के बीच पहले संयुक्त प्रयास पर भी चर्चा की। उन्होंने अंतरिक्ष सहयोग को मजबूत करने पर भी जोर दिया। इससे पहले मई में पेंटागन में दोनों देशों के बीच अंतरिक्ष संवाद आयोजित किया गया था। इस दौरान द्विपक्षीय आदान-प्रदान पर चर्चा की गई थी।

**वायनाड से शुरू होगी नई सियासी पारी**

## मैं बिल्कुल भी नर्वस नहीं हूं: प्रियंका

**एजेंसी** | नई दिल्ली

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के केरल की वायनाड संसदीय सीट से उप चुनाव लड़ने का रास्ता साफ हो गया है। कांग्रेस ने साफ कर दिया है कि राहुल गांधी वायनाड सीट से इस्तीफा देंगे। वस्तुत : राहुल ने यह सीट अपनी बहन प्रियंका गांधी के लिए छोड़ दी है। ये पहला मौका होगा जब प्रियंका गांधी चुनावी मैदान में उतरेंगी। प्रियंका ने अपनी उम्मीदवारी की घोषणा के बाद इस पर खुशी जताई। प्रियंका गांधी ने कहा, मैं बिल्कुल भी नर्वस नहीं हूं... मैं वायनाड का प्रतिनिधित्व करने में सक्षम होने के लिए बहुत खुश हूं। मैं बस इतना कहूंगी कि मैं उन्हें राहुल की अनुपस्थिति महसूस नहीं होने दूंगी। मेरा रायबरेली से अच्छा रिश्ता है क्योंकि मैंने वहां 20 साल तक काम किया है और यह रिश्ता कभी नहीं टूटेगा।'



ज्ञात रहे कि लोकसभा चुनाव के दौरान ये कयास लगाए जा रहे थे कि वो रायबरेली सीट से अपनी मां सोनिया गांधी की जगह चुनाव लड़ सकती हैं, लेकिन पार्टी ने इस सीट से राहुल गांधी को टिकट दिया।

**स्पेन में इसी माह होगा आधुनिक उपकरणों का परीक्षण**

# नौसेना के बेड़े में शामिल होंगी 6 आधुनिक पनडुब्बियां

**एजेंसी** | नई दिल्ली/ मेड्रिड

भारतीय नौसेना स्पेन में 'प्रोजक्ट 75 भारत (पी75आई)' के तहत अत्याधुनिक उपकरणों का जून के अंत तक परीक्षण करने जा रही है। इस परियोजना के तहत भारत को छह अत्याधुनिक पनडुब्बियां मिलेंगीं। स्पेन की एक जहाज निर्माता (शिपयार्ड) कंपनी नवंतिया ने इस परियोजना के लिए एस-80 पनडुब्बी के डिजायन की पेशकश की है। इनमें से एक पनडुब्बी वर्ष 2024 में स्पेनिश नौसेना में शामिल हो चुकी है।

नवंतिया के चेयरमैन रिकार्डो डोमिंगुज गार्सिया बाकुएरो ने सोमवार को बताया कि स्पेन की सरकार और नौसेना पी75आई को लेकर काफी उत्साहित है और हर तरह से इस प्रोजक्ट में भारत की मदद करना चाहती है। उन्होंने बताया कि उनकी कंपनी और भारतीय पार्टनर एल एंड टी दोनों इस परीक्षण के लिए पूरी तरह तैयार हैं। भारत छह आधुनिक परंपरागत पनडुब्बियां खरीदना चाहता है, जो वायु स्वतंत्र प्रणोदन (एआईपी-एयर इंडिपेंडेट प्रोपल्सन) सिस्टम से लैस है। इस सिस्टम की मदद से पनडुब्बियां पहले की पीढ़ी की पनडुब्बियों के मुकाबले पानी के अंदर ज्यादा समय तक रह सकेंगी। इस योजना के तहत भारत सरकार के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जून के आखिरी सप्ताह से भारतीय नौसेना कार्टाजेना के पोत कारखाने में एआईपी परीक्षण की शुरुआत करेगी।



### 60 हजार करोड़ की है यह परियोजना

करीब 60 हजार करोड़ रुपए की इस परियोजना में एल एंड टी और नवंतिया के साथ जर्मनी की थिसेनक्रुप मरीन सिस्टम्स और भारत की मझगांव डॉकयार्ड्स लिमिटेड भी शामिल हैं। S80 की खास बात यह है कि यह बिना किसी पुनर्निमाण की आवश्यकता के पी75(आई) की तकनीक आवश्यकताओं को आसानी से पूरा करती है।

### नौसेना बेड़े में शामिल होगा पोत 'सूरत'

अत्याधुनिक तकनीक से निर्मित विशाखापट्टनम श्रेणी के विध्वंसक पोत आईएनएस सूरत का समुद्री ट्रायल शुरू हो चुका है। अगले साल यानी 2025 में इसे नौसेना में कमीशन कर लिया जाएगा। नौसेना ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर 'सूरत' नौसैनिक जहाज की तस्वीरें भी पोस्ट कीं। नौसेना ने एक्स पर लिखा सूरत भारतीय नौसेना के शस्त्रागार में शामिल होने वाला अगला प्रमुख पोत होगा। बेड़े में शामिल होने से पहले जहाज का पहला समुद्री परीक्षण किया गया।

**नीट पेपर लीक मामला:**

## ईओयू आज करेगी नौ संदिग्ध छात्रों से पूछताछ

**एजेंसी** | पटना

नीट प्रश्न पत्र लीक मामले में ईओयू की जांच टीम अब तक 60 से अधिक लोगों से पूछताछ कर चुकी है। इसमें करीब 5 लोग बिहार के बाहर के भी हैं। इस सूची में वे 13 लोग भी शामिल हैं, जो अब तक इस मामले में गिरफ्तार हो चुके हैं। पूछताछ का यह सिलसिला लगातार जारी है। 18 और 19 जून को उन 9 छात्रों से भी पूछताछ होने जा रही है, जिनकी जानकारी अएनटीए ने मेल के जरिए भेजी था। इसमें कुछ छात्र महाराष्ट्र समेत अन्य राज्यों के भी हैं। इन सभी संदिग्ध छात्रों से पूछताछ का मकसद यह जानना है कि उन्हें प्रश्न-पत्र कहां से मिले थे और किसने मुहैया कराए थे। साथ ही इन्हें पूरे मामले में किन-किन लोगों ने मदद की थी। नीट की परीक्षा में जिन 1 हजार 500 से कुछ अधिक छात्रों को ग्रेस अंक देकर पास किया गया था। हालांकि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद इन छात्रों के रिजल्ट को रद्द कर दिया गया है। लेकिन जिन बातों को आधार बनाकर उन्हें ग्रेस या अतिरिक्त अंक दिए गए थे, उस पर सवाल उठने लगे हैं। नीट ने किसी छात्र को इसलिए ग्रेस अंक दिये थे कि हिन्दी माध्यम से प्रश्न-पत्र वाले छात्र को अंग्रेजी का प्रश्न दे दिया गया था या इसके विपरीत अंग्रेजी माध्यम वाले छात्रों को हिन्दी में प्रश्न-पत्र दे दिया गया था।

### जैन सोशल ग्रुप गोल्ड के शपथ ग्रहण समारोह में दिखी टीम भावना

# म्यूजिकल ईव में दिखी ओथ की खुशी, मेंबर्स ने गाए गीत

बेधड़क | जयपुर

नई टीम आई तो साथी भी उत्साहित हुए और सभी ने नया सत्र चलाने में पूरा सहयोग करने का वायदा किया। फिर गेट टुगेदर के दौरान खुशियां मनाई गईं। मौका था जेएसजी गोल्ड की नई टीम के नए सत्र के पहले कार्यक्रम का, जिसमें शपथ ग्रहण समारोह व म्यूजिकल नाइट खास रही। इस दौरान रोचक गेम्स, म्यूजिकल डांस और शानदार मनोरंजन कार्यक्रमों को शामिल किया गया। निवर्तमान अध्यक्ष सुरेंद्र पाटनी और संस्थापक अध्यक्ष राकेश गोधा ने बताया, कि मेल, फीमेल और बच्चों के गेम्स ने सभी में ऊर्जा भरी। साथ ही उमंग से सहभागिता निभाई। विशेष रूप से अंताक्षरी क्वीन के नाम से प्रसिद्ध सेलिब्रिटी प्रेजेंटर रतिका और मितेंद्र जैन ने तड़के वाली सहभागिता की। एंकर-मॉडल शिखा जैन की प्रस्तुति का मैंबर्स ने डांस म्यूजिकल मस्ती और फन गेम्स, चुटकुले, शेरो-शायरी के मिश्रण का लुत्फ उठाया। साथ ही राकेश गोधा, रिया जैन, योगेश गोधा के मधुर गीतों ने रंग जमा दिया, जिस पर हर कोई थिरकता व गुनगुनाता नजर आया।




#### म्यूजिक के बाद शपथ

शपथ ग्रहण के सत्र के बारे में संयोजक अक्षत पाटनी और निवर्तमान सचिव विनीत चांदवाड़ ने बताया कि नवीन टीम का रीजन के चेयरमैन महेंद्र सिंघवी और इलेक्ट चेयरमैन राजीव पाटनी व दीप प्रज्वलनकर्ता समाजसेवी भरत प्रतिभा जैन की उपस्थिति में शपथ ली गई। शपथ विधि अधिकारी महेंद्र सिंघवी ने पहले अध्यक्ष राजकुमार राजकुमारी बेद को शपथ दिलाई। इसी क्रम में सचिव मनीष आरती चांदवाड़, फिर संस्थापक अध्यक्ष राकेश नीलू गोधा, सुरेंद्र रूपल पाटनी, उपाध्यक्ष विनीत चांदवाड़, संयुक्त सचिव रोहित जैन, कोषाध्यक्ष भरत प्रतिभा जैन और कार्यकरिणी सदस्य में अभिषेक रीतू गोधा, डॉ. गौरव दीपशिखा जैन, अक्षत रुचि पाटनी, वाणी प्रकाश शीला पाटनी, मितेंद्र रतिका जैन, निर्मल जीतेश लुहाड़िया को भव्यता के साथ पद की शपथ दिलाई गई।



#### फादर्स डे भी किया सेलिब्रेट

संयुक्त सचिव रोहित जैन के अनुसार सभी को माला और दुपट्टे पहनाए गए। इस अवसर पर फादर्स डे को भी सेलिब्रेट किया गया। सभी फादर्स ने एक साथ डांस किया। सभी पिताओं को बधाई और शुभकामना दी गई। इसके बाद हाऊजी का लंबा दौर चला। हाऊजी के पुरस्कार सुरेंद्र रूपल पाटनी द्वारा प्रायोजित किए गए। अंत में संस्थापक अध्यक्ष और सूत्रधार राकेश गोधा और सचिव मनीष जैन ने आभार जताया।

## सेवा कार्यों की दी जानकारी



**बेधड़क. जयपुर।** आर्य समाज सिएटल यूएसए के अधिवेशन में जयपुर के यशपाल यश ने यज्ञों के वैज्ञानिक परीक्षणों व ओउमाश्रय सेवा धाम के सेवा कार्यों की जानकारी दी। सिएटल यूएसए जयपुर राजस्थान के वैदिक चिंतक व निराश्रित जन सेवार्थ ओउमाश्रय सेवा धाम संचालक यशपाल यश ने वाशिंगटन राज्य अमेरिका की नगरी सिएटल आर्य समाज के अधिवेशन को संबोधित किया। उन्होंने जयपुर राजस्थान में हुए यज्ञों पर हुए वैज्ञानिक परीक्षणों की जानकारी दी। साथ ही जयपुर में चल रहे निराश्रित जन सेवार्थ कार्यों के साथ ही नशे की लत से हुए बेघर मनोरोगियों को भोजन वस्त्र चिकित्सा यज्ञ योग संस्कार कार्यों के बारे में बताया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने ओमाश्रय सेवा धाम के अंग्रेजी बोशर का वितरण किया गया। यज्ञ का संचालन आर्य समाज के पुरोहित आचार्य बरुण देव ने किया। पितृ दिवस पर वृद्ध पितरों के सम्मान और सेवा की प्रेरणा दी। संचालन सहयोगी सुयशा तथा असीम पुरी रहे। मधु यश देवेन्द्र गर्ग ऋचा नाव्या सहित अनेक महिला-पुरुष मौजूद रहे।

## दिखाएंगे अभिनय कौशल

**बेधड़क. जयपुर।** जवाहर कला केन्द्र की ओर से जारी जूनियर समर कैम्प के प्रतिभागी अभिनय कौशल को मंच पर जाहिर करेंगे। इसके लिए मंगलवार से 20 जून तक शाम 6:30 बजे कैम्प में तैयार लघु नाटकों का मंचन किया जाएगा। 250 से अधिक बच्चों ने कैम्प में रंगमंच की बारीकियां सीखी हैं। बच्चों को 10 ग्रुप में बांटा है। इनके नाटक का नाम क्रमश: महापुर का साथी, गिली गिली छू, वार्तालाप, फैमिली 2.0, यम आ यम आ, हवेली की चाबियां, देर करता हूं मैं, ऑमलेट, बिट्टू की दुल्हनिया, भयभीत है।

## इम्यूनिटी पर दिया व्याख्यान

**बेधड़क. जयपुर।** मर्म चिकित्सा विज्ञान कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें आयुर्वेद विद्वानों द्वारा मर्म बिंदुओं को दबाने से व उपलब्ध घरेलू आयुर्वेद औषधियों से शारीरिक व मानसिक रोगों का कम खर्च में उपचार के बारे में बताया गया। मुख्य वक्ता प्रो. विकास शर्मा ने आमजन में कोरोना से कमजोर हुई इम्यूनिटी पर व्याख्यान दिया। संस्थान अध्यक्ष डॉ. पीयूष त्रिवेदी ने मर्म चिकित्सा की महत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यशाला संचालिका डॉ. शिल्पा त्रिवेदी ने बताया कि कार्यशाला में डॉ. आरएस भारद्वाज, डॉ. महेश कुमार अग्रवाल और डॉ. महेश कुमार शर्मा आदि ने विचार रखे।

## City इवेंट्स

### निऑन टी-शर्ट पहनकर करेंगे वॉक



**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर ग्लो वॉक 22 जून को होगी। इसका पोस्टर सोमवार को लॉन्च किया गया। जय क्लब में हुए समारोह में कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कनवीनर ने बताया कि मैंबर्स में हेल्थ के प्रति जागरूकता और फिटनेस पार्टीज के चलन को बढ़ाने के उद्देश्य से अवेयरनेस इवेंट का आयोजन किया जा रहा है। 22 जून को रात को वॉक जय क्लब से शुरू होकर वहीं समाप्त होगी। इसमें वॉकर्स ग्लो स्टिक और निऑन टी-शर्ट पहनकर वॉक करेंगे और रन के बाद फिटनेस पार्टी की जाएगी।

### सुपार्श्वनाथ का तप कल्याणक आज

**बेधड़क. जयपुर।** जैन धर्म के सातवें तीर्थंकर भगवान सुपार्श्वनाथ का जन्म व तप कल्याणक मंगलवार को मनाया जाएगा। अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद जैन ने बताया कि इस मौके पर शहर के दिगम्बर जैन मंदिरों में पूजा-अर्चना के विशेष आयोजन किए जाएंगे। मंदिरों में सुबह अभिषेक, शांति धारा के बाद भगवान सुपार्श्वनाथ की पूजा-अर्चना की जाएगी। पूजा के दौरान जन्म व तप कल्याणक श्लोक का उच्चारण करते हुए अर्घ्य चढ़ाए जाएंगे। आगरा रोड पर श्रीपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र चूलगिरी, मोती सिंह भोमियों का रास्ता स्थित श्रीदिगम्बर जैन मंदिर चौबीस महाराज, श्रीदिगंबर जैन मंदिर जीऊबाईजी, दिल्ली रोड पर जयसिंहपुरा खोर दिगम्बर जैन मंदिर व सांगानेर संघीजी दिगंबर जैन मंदिर सहित अन्य मंदिरों में आयोजन होंगे।

### बच्चों की प्रस्तुति ने मन मोहा

**बेधड़क, जयपुर।** गिटार, गायन, कंटेम्पररी डांस, तबला, कथक और लोक नृत्यों की प्रस्तुति से बच्चों ने मन मोहा। जेकेके में हुए कार्यक्रम में गिटार से निकली फिल्मी गीतों की धुनों के साथ संगीतमय सफर की बानगी पेश की गई। प्रशिक्षक गौरव भट्ट के साथ बच्चों ने गिटार पर 'पापा कहते हैं बड़ा नाम करेगा', 'अजीब दास्तां है ये', 'पहले भी मैं तुमसे मिला हूं' गाने की धुन बजाई। नवल डांगी ने तबले पर संगत की। नन्हें कलाकारों ने मृदुल स्वरों के साथ फिजा में मिठास घोली।

### स्वस्ति भूषण माताजी का लिया आशीर्वाद

## केशवरायपाटन में 1 जुलाई से किया जाएगा कल्पद्रुम विधान



बेधड़क | जयपुर

राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के तत्वावधान में केशवरायपाटन के मुनिसुव्रतनाथ भगवान के दर्शनार्थ व केशवरायपाटन में गणिनी आर्यिका स्वस्ति भूषण माताजी के सानिध्य में कल्प द्रुम विधान व क्षेत्र के जीर्णोद्धार के शिलान्यास पर चर्चा के लिए आयोजित मीटिंग में भाग लेने के लिए जयपुर से दल रवाना हुआ। राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन ने बताया कि श्रद्धालुओं ने रास्ते में अतिशय क्षेत्र मेहंदवास में भगवान चन्द्रप्रभू की अतिशयकारी पद्मासन प्रतिमा के दर्शन किए।

दल केशवरायपाटन के श्रीमुनिसुव्रत नाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र पहुंचा। आर्यिका स्वस्ति भूषण माताजी ससंघ के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इस मौके पर माताजी ने भगवान मुनिसुव्रत नाथ की अतिशयकारी प्रतिमा के अतिशयों पर प्रकाश डाला। अन्त में मुनिसुव्रत नाथ चालीसा का पाठ किया गया। दल में राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन, प्रदेश मंत्री भारतभूषण जैन, श्री दिगम्बर जैन पदयात्रा संघ जयपुर वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य सूर्य प्रकाश छाबड़ा, मनीष लुहाड़िया, राजेन्द्र जैन मोजमाबाद, गजेन्द्र शाह आदि शामिल रहे।

### संगिनी फोरम JSG मेट्रो की मेंबर्स ने चलाया अभियान

## महिलाओं ने गो सेवा कर लिया मुहिम जारी रखने का संकल्प




बेधड़क | जयपुर

भीषण गर्मी में जानवरों के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए महिलाओं ने उनकी देख भाल की पहल करते हुए सेवा काम किए। इस दौरान संगिनी फोरम जेएसजी मेट्रो की सदस्याओं ने दुर्गापुरा गोशाला में गो सेवा कर गायों को चारा खिलाते हुए उनकी सेवा की।

पूर्व अध्यक्ष मैना जैन के अनुसार इस मौके पर गो सेवा के लिए मुहिम जारी रखने का संकल्प लिया गया। सभी मैंबर्स ने ऐसे आयोजन महीने में कई बार अलग-अलग स्थानों पर करने की सलाह देते हुए उनको साकार करने की बात की।

संस्थापक अध्यक्ष दीपिका जैन कोटखावदा ने बताया कि मानव और गाय एक-दूसरे के प्रति पूर्णतया पूरक हैं। गायों व पशुओं की रक्षा करना सभी का कर्तव्य है। संगिनी फोरम जेएसजी मेट्रो की अध्यक्ष अम्बिका सेठी ने मुहिम में शामिल होने के लिए सभी को मोटिवेट किया।

सचिव रेखा पाटनी ने आभार व धन्यवाद जताया तो इस मौके पर वर्षा अजमेरा, दीपा जैन, नेहा जैन सहित बड़ी संख्या में संगिनी फोरम जेएसजी मेट्रो की सदस्याओं ने सहभागिता निभाते हुए युवाओं को प्रेरणा दी। वहां मौजूद अन्य लोगों ने भी महिलाओं को इस काम के लिए प्रोत्साहित किया।

**प्रतियोगिता** | राज्यारोहण समारोह पर चित्रकूट के परिवारों का आयोजन

# फैंसी ड्रेस में बच्चों ने दर्शाया छत्रपति शिवाजी का शौर्य

बेधड़क | जयपुर

जब बात क्रिएटिविटी की आई तो हर किसी ने अपना बेस्ट दिया और प्रतियोगिता को खास बना दिया। मौका था छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्यारोहण समारोह के उपलक्ष में चित्रकूट के सभी परिवारों के लिए आयोजित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का, जिसमें 2 से 16 वर्ष के बच्चे छत्रपति शिवाजी महाराज व बालिकाएं मां जीजाबाई की वेश-भूषा में आए। उनका उत्साह बढ़ाने के लिए बड़ों ने उनको गाइड किया। बच्चों के साथ बड़ों ने भी वंदे मारतम के नारों से माहौल को गूंजामय कर दिया। सभी ड्रेस से बड़े और बच्चों ने देश भक्ति का जज्बा बढ़ाया।



**अन्य सेक्टर्स में भी होंगे कार्यक्रम:** नेचर लवर्स ग्रुप के अध्यक्ष कांत गुप्ता ने मंच संचालन किया। उन्होंने बताया कि बच्चों को देश भक्ति से जोड़ने और देश के महान लोगों के बारे में बताने के लिए ऐसे कार्यक्रम किए जाते हैं। आगामी दिनों में युवाओं के साथ ऐसे कार्यक्रम अन्य सेक्टर्स में आयोजित होंगे।

#### शिवाजी और जीजा बाई के बारे में बताया

इस मौके पर बच्चों ने शिवाजी महाराज व जीजा बाई के बारें में सुन्दर व विशेष जानकारियां दीं। उनकी नॉलेज सुनकर बड़े भी रोमांचित हो गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कर्नल लक्ष्मी नारायण शर्मा थे, जिन्होंने देश के सभी हिस्सों में सेवा देने के साथ एनएसजी में सेवाएं दी हैं। साथ ही करगिल युद्ध में कमांड किया था। उन्होंने अपनी जर्नी के अनुभव मौजूद सभी लोगों के साथ शेयर करते हुए युवाओं को देश सेवा के लिए प्रोत्साहित किया। इस मौके पर लव गुप्ता का गाया गीत लोगों को प्रभावित कर गया।



मन की शांति से बढ़कर इस संसार में कोई भी संपत्ति नहीं है।
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

### गाजा में संघर्ष के बीच आंतरिक राजनीति में घिरे पीएम नेतन्याहू

# इजराइल में 9 माह 6 दिन बाद वॉर कैबिनेट भंग

**एजेंसी** | यरुशलम

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के लिए मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। वैश्विक स्तर पर लगातार दवाब का सामना कर रहे नेतन्याहू को अब घरेलू स्तर पर भी दवाब झेलना पड़ रहा है। नेतन्याहू ने गाजा में चल रहे युद्ध के लिए बनाई 6 सदस्यीय वॉर कैबिनेट को भंग कर दिया है। इजराइल में इस वक्त गठबंधन सरकार चल रही है। नेतन्याहू उस गठबंधन सरकार का नेतृत्व कर रहे हैं। गठबंधन के एक सदस्य बैनी गेंट्ज ने कुछ दिन पहले ही गठबंधन का साथ छोड़ दिया था। इसके बाद यह संभावना जताई जा रही थी कि वॉर कैबिनेट को भंग किया जा सकता है।

गठबंधन की साथी राष्ट्रवादी और धार्मिक पार्टियों द्वारा लगातार उन्हें वॉर कैबिनेट में शामिल करने की मांग की जा रही थी। इजराइली वित्त मंत्री और नेशनल सिक्योरिटी मंत्री भी इस कैबिनेट का हिस्सा होते हैं। इजराइल में किसी भी युद्ध के समय वॉर कैबिनेट का गठन किया जाता है, जो उस युद्ध से जुड़े किसी भी फैसले को लेती है। दरअसल इजराइल ने हर दिन कुछ घंटों के लिए युद्ध रोकने का फैसला लिया था। इसके अनुसार स्थानीय समयानुसार सुबह के आठ बजे से लेकर शाम सात बजे तक इजराइली सैन्य हमलें बंद रहेंगे, इस सीमित युद्ध विराम से राहत सामग्री को उत्तर की तरफ पहुंचाने में आसानी होगी। सरकार के फैसले को लेकर धुर दक्षिण पंथी गुटों में असंतोष व्यक्त किया था। यह गुट नेतन्याहू सरकार में भी शामिल हैं। ऐसे में इन गुटों के सवालों पर सेना ने जवाब दिया और भरोसा दिलाया था कि इस विराम का मतलब युद्ध खत्म होना बिलकुल नहीं है। हम हमास के खात्मे तक हमले करते रहेंगे।





### इजराइली कोर्ट का बड़ा फैसला, राज्य नियंत्रक की जांच स्थगित की

तेल अवीव (इजरायल)। इजराइल के हाई कोर्ट ने राज्य नियंत्रक मतन्याहू एंगलमैन को 7 अक्टूबर की सुरक्षा सेवाओं की विफलताओं की अपनी जांच को स्थगित करने का आदेश दिया है, जब तक कि जुलाई में इस मामले पर सुनवाई नहीं हो जाती। राज्य नियंत्रक समय-समय पर इजराइली तैयारियों और सरकारी नीतियों की प्रभावशीलता का ऑडिट करने वाली रिपोर्ट जारी करता है। इसे राज्य लोकपाल के रूप में भी जाना जाता है। सरकारी निगरानी समूहों ने एंगलमैन की जांच के खिलाफ अदालत में याचिका दायर की थी, जिसमें तर्क दिया गया कि सुरक्षा मुद्दे नियंत्रक के अधिकार क्षेत्र से बाहर हैं, जांच से सेना को परिचालन में नुकसान होगा और यह जांच गाजा सीमा के पास समुदायों पर हमास के हमलों से पहले के समय में लिए गए निर्णयों के लिए राजनीतिक जिम्मेदारी को नहीं ठहराएगी।


### आतंकियों से हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक किए बरामद

# पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने पांच आतंकवादी किए ढेर

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सुरक्षा बलों की कार्रवाई में पांच आतंकवादी मारे गए। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने सोमवार को बयान में कहा कि खुफिया जानकारी के आधार पर रविवार को सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों के खिलाफ खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के खैबर कबायली जिले में अभियान शुरू किया।

बयान में कहा गया है कि अभियान के दौरान सैनिकों ने आतंकवादियों के ठिकाने पर प्रभावी ढंग से कब्जा कर लिया और पांच आतंकवादियों को मार गिराया। आईएसपीआर ने कहा कि मारे गए आतंकवादियों के पास से हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक भी बरामद किए गए।



### बलूचिस्तान में गाड़ी पलटने से 5 पुलिसकर्मियों की मौत

**इस्लामबाद**। पाकिस्तान में सोमवार सुबह सड़क हादसे में पांच पुलिस जवानों की जान चली गई। यह हादसा बलूचिस्तान के लासबेला के पास क्वेटा-कराची राजमार्ग पर हुआ। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि एक कार ने पुलिस वैन को टक्कर मार दी। इससे पुलिस वैन पलट गई। हादसे में पांच पुलिसकर्मियों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। लासबेला के एसएसपी कैप्टन (रिटायर्ड) नवीद आलम के अनुसार, दुर्घटना उथल पुलिस स्टेशन क्षेत्र में हुई। तीन पुलिसकर्मियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। घायलों को शुरुआत में उथल जिला मुख्यालय अस्पताल ले जाया गया। मारे गए पुलिसकर्मियों के शवों को उनके गृहनगर भेज दिया गया है। पुलिस वैन को टक्कर मारने वाली अज्ञात कार की तलाश की जा रही है। बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री सरफराज बुगती ने पुलिसकर्मियों की मौत पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में प्रांतीय सरकार पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की दुआ की है।



#### पुलिस वाहन पर ग्रेनेड से हमला

एक अन्य घटना में कराची के सचल इलाके में एक पुलिस वाहन पर ग्रेनेड से हमला किया गया, जिसमें तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए। वहीं, इस घटना से पहले ही अज्ञात लोगों ने नसीराबाद के डेरा मुराद जमाली में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) के दस्ते पर ग्रेनेड फेंका था। इस घटना के बाद पुलिस, सीटीडी और बम निरोधक दस्ते ने विस्फोट स्थल पर पहुंचकर इलाके की घेराबंदी कर दी।

### प्राकृतिक आपदा


# इक्वाडोर में भूस्खलन ने मचाई तबाही

**एजेंसी** | क्वीटो

इक्वाडोर में भारी बारिश लोगों के लिए मुसीबत बन गई है। मध्य इक्वाडोर में भूस्खलन की वजह से एक राजमार्ग पर मलबा आ गिरा। इसमें दबकर छह लोगों की मौत हो गई, जबकि 30 अन्य लोग लापता हैं।

इक्वाडोर के राष्ट्रीय जोखिम प्रबंधन सचिवालय ने सोमवार को बताया कि रविवार को भूस्खलन के कारण रिसॉर्ट शहर बानोस डी अगुआ सांता में सड़क मार्ग बंद हो गया और यहां स्थित घरों को नुकसान पहुंचा। इक्वाडोर के परिवहन एवं लोक निर्माण मंत्री रॉबर्टो लुके ने एक्स पर लिखा कि हम राहत प्रयासों में मदद के लिए समन्वय कर रहे हैं और अधिक मशीनरी तैनात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारी बारिश के कारण तीन पनबिजली संयंत्रों का संचालन भी बाधित हुआ है। अधिकारियों ने इस घटना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि भारी बारिश के कारण देश भर में नदियां उफान पर हैं। इक्वाडोर में भारी बारिश की वजह से आम जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हुआ है।

गौरतलब है कि पिछले कई दिनों से इक्वाडोर और क्षेत्र के अन्य हिस्सों में भारी बारिश हो रही है। इस सप्ताह की शुरुआत में एल सल्वाडोर में भूस्खलन में दो बच्चों की मौत हो गई थी। पूरे इक्वाडोर में तूफानों के कारण कीचड़ और बाढ़ का पानी राजमार्गों और पुलों पर जमा हो गया है, जिससे देश को अमेजन के प्रांतों से जोड़ने वाली मुख्य सड़कें भी क्षतिग्रस्त हो गई हैं। बारिश के हालात ऐसे बन गए हैं कि राहत और बचाव कार्यों में भी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।



#### आपदा स्थल से छह शव बरामद

शहर के अग्निशमन विभाग के मुताबिक, बानोस शहर में कीचड़ और मलबा पहाड़ी से नीचे खिसक कर तीन कारों, दो घरों और एक बस पर आ गिरा। बानोस को इक्वाडोर का रिसॉर्ट शहर भी कहा जाता है। अग्निशमन विभाग के उपप्रमुख कैप्टन एंजेल बैरिगा ने बताया कि बचावकर्मी घायलों का इलाज कर रहे हैं और आपदा स्थल से छह शव बरामद किए गए जबकि 30 से अधिक लोगों के कीचड़ में फंसे होने की आशंका है।

### नेपाल में टैंकर व्यापारियों की हड़ताल का असर

# काठमांडू में बंद रहे अधिकांश पेट्रोल पंप

**एजेंसी** | काठमांडू

पेट्रोलियम पदार्थ ढोने वाले टैंकर व्यवसायियों के हड़ताल की वजह से राजधानी के अधिकांश पेट्रोल पंप बन्द हो गए हैं। शहर में सरकारी डिपो पर पेट्रोल, डीजल लेने वालों की लंबी कतारें दिखाई दे रही हैं। पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में कमी आने के कारण कमीशन भी कम होने की वजह से टैंकर मालिकों ने हड़ताल कर दी है। इसके कारण काठमांडू में पेट्रोलियम पदार्थों की ढुलाई करने वाले टैंकरों ने डिपो से तेल लेकर पेट्रोल पंपों तक पहुंचाना बंद कर दिया है। पेट्रोल डीजल की ढुलाई बंद होने से सोमवार सुबह तक राजधानी के सभी निजी पेट्रोल पंप बंद हो गए हैं। थानकोट डिपो से सिर्फ सरकारी पेट्रोल पंपों को ही सप्लाई की जा रही है।

राजधानी काठमांडू में नेपाली सेना, नेपाल पुलिस और सशस्त्र प्रहरी बल का अपना एक एक पेट्रोल पंप है। इसके अलावा एक साझा पेट्रोल पंप है, जिसे महानगरपालिका संचालित करती है। इस समय राजधानी के इन चारों पंपों में तेल लेने वाली गाड़ियों की लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं।






सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

“सच बेधड़क” दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl